

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-021 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 20 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112







## संक्षेप

### डांस कर रहे 7 बारातियों को कार ने कुचला

**जशपुर 19 अप्रैल।** शादी के जश्न के बीच बड़ा हादसा हो गया। शादी में नाच रहे बरातियों को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। घटना जशपुर की बतायी जा रही है। हादसे में 7 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, घटना के बाद वाहन चालक कार लेकर फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक पंडरापाठ चौकी के तेंदपाठ की ये पूरी घटना है। गांव में एक बारात आयी हुई थी। बारात खुशी में नाच रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने बारातियों को कुचलना शुरू कर दिया। कार को अनियंत्रित देखकर बारातियों में भगदड़ मच गयी। घटना में सात बाराती बुरी तरह से जख्मी हो गये। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर घटना के बाद कुछ देर के खिलाफ मौके में भगदड़ की स्थिति बनी रही। इधर, मौका देखकर वाहन चालक अपनी कार को लेकर फरार हो गया। सभी बारातियों का अस्पताल में इलाज जारी है।

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा की सुरक्षा में बड़ी चूक

**कवर्धा.** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की सुरक्षा में बड़ी चूक हो गई. हेलीकॉप्टर को शहर के पुलिस लाइन लैंड करना था, लेकिन अचानक पीजी कॉलेज ग्राउंड में लैंड कर दिया गया. जब डिप्टी सीएम उतरे तो पीजी ग्राउंड में पुलिस के अधिकारी गायब रहे. डिप्टी सीएम विजय शर्मा बाइक पर बैठकर सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय के निवास पहुंचे. इसको लेकर विजय शर्मा पुलिस प्रशासन पर भड़क गए. बताया जा रहा है कि डिप्टी सीएम जब हेलीकॉप्टर से उतरे तो वहां कोई भी पुलिस अधिकारी मौजूद नहीं थे.

### दूल्हा निकला नाबालिग,बारात के पूर्व रोकी गई शादी

**जांजगीर-चांपा, 19अप्रैल।** जिला प्रशासन ने समय रहते बाल विवाह रोक दिया है। बारात मुंगेली जानी थी। अधिकारियों ने नाबालिग लड़के के माता-पिता को समझाइश देने के बाद शादी रुकवाई। मामला पामगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम भिलोनी का है।जानकारी के मुताबिक अंकसूची पर दूल्हे की उम्र 20 साल 9 माह 10 दिन पाई गई है। वहीं मुंगेली जिले की बालिका की उम्र के लिए समन्वय किया गया।

इसके बाद पुलिस और जिला प्रशासन की टीम ने दूल्हे के माता-पिता को शादी नहीं करने की समझाइश दी। दरअसल, जिला प्रशासन को सूचना मिली थी कि ग्राम भिलौनी में दूल्हे की उम्र कम है, जिसपर कलेक्टर आकाश छिकारा ने बाल विवाह रोकने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास अधिकारी अनीता अग्रवाल और पुलिस की टीम नाबालिग बालक के घर पहुंची और परिजनों को समझाइश दी। शादी रोकने पर सहमति जताई।



# गनतंत्र पर लोकतंत्र भारी

## कड़ी सुरक्षा के बीच नक्सल प्रभावित बस्तर में जोरदार मतदान









**बस्तर (किरन्दुल),19 अप्रैल.** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में आज छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से एक मात्र सीट बस्तर में मतदान शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हो गया.

**बस्तर में दोपहर 2 बजे तक 50% मतदान**

नक्सल प्रभावित बस्तर के मतदाताओं ने मतदान के लिए जोरदार उत्साह दिखाया.इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये थे.मतदान केंद्रों में लंबी लंबी कतारें लगी हुई थीं. वही ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग बड़ी संख्या में घरों से बाहर निकलकर वोट डाल रहे थे. नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के रूप जाने जाने वाले पोलिंग बूथों में भी लोगों की भीड़ साफ नजर आ रही थी. इसे गनतंत्र पर लोकतंत्र की जीत मानी जा रही है. वही दूसरी ओर अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के मतदान केंद्रों को मैदानी इलाकों में शिफ्ट किया गया है. करीब 15 से 20किलोमीटर की दूरी होने की वजह से इन मतदान केंद्रों में सुबह 11बजे तक किसी भी मतदाताओं ने अपना मतों का प्रयोग नहीं किया था. दूरी की वजह से अपना वोट डालने नहीं पहुंच पाए नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से सुरक्षा को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने मैदानी इलाकों में इन बूथों को शिफ्ट किया है. नक्सल प्रभावित क्षेत्र हिरोली ,गुमियापाल, मदाड़ी,पेरपा ,समलावर , कुट्रेम, मडकमीरास के ग्रामीण भी लंबी लम्बी कतारों में कड़े होकर बड़ी संख्या में अपना मतदान करते नजर आए. नक्सल प्रभावित



किरंदुल थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 33मतदान केंद्रों में दोपहर 1बजे तक 51प्रतिशत मतदान हुआ !

**एक भी वोट नहीं पड़ा**-सुकमा जिला अंतर्गत पूवर्ती सिलगेर में दोपहर दो बजे तक एक भी वोट नहीं पड़ा था. बताया जाता है कि यह नक्सलवादी हिड़मा का गांव है. मतदाता दहशत के कारण अपने घरों से नहीं निकले. जबकि मतदान दल इंतजार करते बैठा रहा.

**कांग्रेस नेता मोहन मरकाम तथा बस्तर आईजी ने मताधिकार का प्रयोग किया. कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा ने मतदान शुरू होते ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया. वहीं भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप मतदान से पहले मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया. भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप जी ने अपने गृह निवास के कलचा क्षेत्र में स्थित बूथ क्रमांक 30 में पहुँचकर कतार में लगकर मतदान किया।**

### यूबीजीएल सेल फटने से सीआरपीएफ जवान घायल

छत्तीसगढ़ के नक्सल जिला बीजापुर से बड़ी खबर सामने आई है।यहां यूबीजीएल सेल फटने से सीआरपीएफ का जवान जख्मी हो गया , बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया जाएगा । जानकारी के अनुसार यूबीजीएल का सेल दुर्घटनावश ब्लास्ट हो गया। इससे ड्यूटी पर तैनात सीआरपीएफ का जवान घायल हो गया। चुनाव ड्यूटी के लिए जवान एरिया डामिनशन निकले थे। घायल जवान का प्राथमिक उपचार जारी है। बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया जाएगा। मतदान केंद्र की सुरक्षा में आउटर कोर्डेन में जवान तैनात था। पोलिंग बूथ से 500 मीटर दूर की घटना है। उसूर थाना क्षेत्र के गलगम इलाके की घटना है। एसपी जितेंद्र यादव ने घटना की जानकारी दी।

## दुनिया की सबसे छोटी महिला ज्योति ने डाला वोट

**नागपुर,19 अप्रैल.** दुनिया की सबसे छोटी महिला ज्योति आम्गे ने नागपुर के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। वोट डालने के बाद ज्योति काफी खुश नजर आई। वहीं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर के एक पोलिंग बूथ में वोट डाला। अभिनेता और फिल्म निर्माता प्रभु गणेशन ने तमिलनाडु के चेन्नई में एक मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट डाला। इधर मुजफ्फरनगर से सपा प्रत्याशी हरेन्द्र मलिक ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान के गांव कुटबा कुटबी में बीजेपी के एजेंट्स ने बूथ कैपचरिंग की है। चुनाव आयोग को बंगाल से 10 बजे तक चुनाव से जुड़ीं 151 शिकायतें मिली है। पहले चरण में पश्चिम बंगाल की 3 सीटों पर मतदान हो रहा है। कूचबिहार में हिंसा की खबरें भी आई है। यहां टीएमसी और बीजेपी के कार्यकर्ताओं में पथराव हुआ. इसमें बीजेपी का एक कार्यकर्ता भी जख्मी हुआ है। कूचबिहार हिंसा के कई वीडियो भी सामने आए हैं।



### अमित शाह ने गांधीनगर लोकसभा सीट से किया नामांकन

## मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरा देश उत्साहित

**गांधीनगर,19 अप्रैल.** केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। शाह गांधीनगर सीट से चुनाव लड़ेंगे। उनके साथ गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल भी थे। उन्होंने कहा कि आज मैंने गांधीनगर सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि इस सीट का प्रतिनिधित्व लालकृष्ण आडवाणी, अटल जी ने किया और जिस सीट से नरेंद्र मोदी खुद



मतदाता हैं। मैं इस सीट से 30 साल तक विधायक, सांसद रहा हूं। इस क्षेत्र की जनता ने मुझे बहुत प्यार दिया है। शाह ने आगे कहा कि इस चुनाव में नरेंद्र मोदी को 400 पार के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरा देश उत्साहित है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पूरी दुनिया में परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने जो 10 साल दिए, वे यूपीए सरकार द्वारा किए गए गड्ढों को भरने में खर्च हो गए और ये अगले 5 साल विकसित भारत के निर्माण की नींव रखने के साल हैं। उन्होंने कहा कि मैं लोगों से अपील करता हूं कि वोट देकर भारी बहुमत से हर जगह कमल खिलाएं और हमें 400 सीटें पार करने के लक्ष्य को हासिल करने में सफल बनाएं।

## ऑफर ठुकराया तो कांग्रेस नेता की बेटी नेहा का फयाज ने किया कत्ल

**बेंगलुरु,19 अप्रैल.** कर्नाटक के हुबली में कांग्रेस नेता निरंजन हीरेमठ की बेटी नेहा की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। निरंजन हीरेमठ हुबली धारवाड़ म्युनिसिपल कॉरपोरेशन में पार्षद हैं। नेहा की उस कॉलेज में ही हत्या कर दी गई, जहां वह पढ़ाई करती थी। उसका कत्ल फयाज नाम के युवक ने किया, जो उसका क्लासमेट भी है। पुलिस के अनुसार फयाज ने चाकू से कई वार नेहा पर किए और मौके से भाग गया। नेहा की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। इस पूरी घटना की सीसीटीवी फुटेज भी मिल गई है, जिसकी पुलिस ने जांच की है। फिलहाल पुलिस ने फयाज को गिरफ्तार कर लिया है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार फयाज ने नेहा को प्रपोज किया था, जिसे उसने ठुकरा दिया था। इसी के चलते उसने इस हत्याकांड को अंजाम दिया। नेहा की हत्या करने वाला फयाज कर्नाटक के ही बेलगावी जिले का रहने वाला है। नेहा हुबली के ही केएलई टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी की छात्रा थी, जिसके कैंपस में ही उसका कत्ल कर दिया गया। नेहा के शव को केंपेगौड़ा अस्पताल में रखा गया है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया



है और जांच जारी है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि फयाज सरकारी स्कूल टीचर का बेटा है। वह 6 महीने पहले कॉलेज एग्जाम में फेल हो गया था, जिसके बाद से ही वह पढ़ने नहीं आ रहा था। गुरुवार को वह कॉलेज आया तो चाकू लेकर पहुंचा। इस दौरान वह सीधे नेहा के पास गया और उस पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला शुरू कर दिया। हमला करने वह भाग निकला था, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे दबोच लिया। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने शुरुआती जांच के आधार पर बताया है कि फयाज बीते कई महीनों से नेहा का पीछा कर रहा था। उससे प्यार होने की बात कह रहा था, लेकिन नेहा उसे पसंद नहीं करती थी। उसने उसका ऑफर ठुकरा दिया था। जांच से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि यह मामला एकतरफा प्यार का लग रहा है। फयाज ने अपने कई दोस्तों से भी कहा था कि वह प्यार का ऑफर ठुकराने वाली नेहा को खत्म कर देगा। जांच में जुटे एक पुलिस अधिकारी ने बताया, यह प्यार को ठुकराए जाने का मामला लगता है, जिसके बाद फयाज ने इतनी खौफनाक घटना को अंजाम दिया। हम नेहा के दोस्तों और रिश्तेदारों से भी पूछताछ कर रहे हैं। इस घटना के विरोध में छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आंदोलन करने का फैसला लिया है।



रायपुर। राजधानी से सटे उरला इलाके में भयंकर आग लग गयी है। तेज गर्मी की वजह से ट्रांफॉर्मर में लगी भीषण आग। यह घटना गणपति इस्पात उरला के परिसर में लगे बिजली ट्रासफ़ॉर्मर में आग लगी है। फ़ायर ब्रिगेट द्वारा मौक़े पर पहुँच कर आग पर क़ाबू पा लिया गया।

एक नजर

### व्हाट्सअप कालिंग कर ठग रहे

**भिलाई, 19 अप्रैल।** भिलाई साइबर अपराधियों ने अब आम जनता को ठगने का नया तरीका अपनाया है। यह साइबर अपराधी अपने व्हाट्सएप कालिंग कर आम लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए लोगों को सावधान रहना पड़ेगा 12 नंबर वाले डिजिट वाले से कॉल आए तो तत्काल कॉल काट दें वरना ठगी का शिकार हो सकते हैं सोशल मीडिया के दौर में जैसे-जैसे देश डिजिटली आगे बढ़ हुहै, वैसे - वैसे साइबर ठगी के मामले भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। साइबर पुलिस की तमाम कार्रवाइयों के बावजूद ये साइबर ठग लोगों को ठगने का नया नया तरीका खोज ले रहे हैं। इस बार ठगी का जो तरीक इन साइबर ठगों ने इजाद किया वह हैरान कर देने वाला है क्योंकि इस बार ये ठग खुद अधिकारी बनकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं भिलाई के रहने वाले एक व्यक्ति के मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप कालिंग कर अंजान व्यक्ति ने अपने आप को सीबीआई हेड क्वार्टर से बोलने की बात की उसने कहा कि उनका बेटी और पत्नी का यह नाम है न फिर उक्त साइबर अपराधी ने पहले उनका नाम बताया फिर उनके बेटी उनकी पत्नी का नाम का भी जिक्र किया इतना ही नहीं बेटी को ले जाने की बात कही इसके बाद भिलाई निवासी ने फोन काट दी इससे वह व्यक्ति ठगी से बच गया

**जानिए किन नंबरों से कॉल आने पर आपको रहता है सतर्क**-साइबर क्रिमिनल कई नंबरों से फोन कर लोगों से साइबर फ्राड की घटनाएं कर रहे हैं कॉल पर स्कैमर्स खुद को सीबीआई अधिकारी होने का दावा करते हैं 923270182616 जैसे नंबर आपके पास फोन आ रहे हो तो आप बिल्कुल सतर्क हो जाएं। पहले तो प्रयास करें कि फोन को ना उठाएं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि आम लोगों को जागरु क करने के लिए दुर्ग पुलिस की शुरुव की गई साइबर प्रहरी का लोगों को लाभ मिल रहा है कई ठगी से बच गए हैं अंजान नंबर से कॉल आए तो लोगों को सर्तक करना चाहिए।

### फर्जी जमानत लेने पर जुर्म दर्ज

**भिलाई, 19 अप्रैल।** भिलाई ऋष्टा पुस्तिका के आधार पर फर्जी जमानत लेने वाले आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध पंजी बद्ध कर गिरफ्तार किया पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल दाखिला किया गया है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि उतई निवासी आरोपी भूखनचंद (35 वर्ष) पिता रामाधार पूर्व में भी ऋष्टा पुस्तिका के आधार पर किसी की जमानत ले चुका था उसके बाद भी उसने धोखाधड़ी करते हुए ऋष्टा पुस्तिका से पन्ना फाड़ कर एक मामले में जमानत लेने खड़ा हुआ था शिकायत होने से न्यायालय के आदेश पर आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीकृत किया गया था पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।

भिलाई शादी के बाद पति द्वारा लगातार शारीरिक मानसिक रूप से प्रताड़ित कर मायके से रकम लाने एवं चारित्रिक लांछन लगाने वाले पति के खिलाफ पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है महिला थाना पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 498 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है पुलिस के मुताबिक प्रार्थिया का विवाह 20 अप्रैल 2021 को किशोर राव भट्ट निवासी ग्राम निंगापुर जिला कबीरधाम के साथ हुआ था शादी के बाद से पति उसे दहेज के नाम पर ताना मारते हुए चारित्रिक लांछन लगाने लगा था पीड़िता को उसका पति हमेशा कहता था कि उसने दहेज में कुछ नहीं लाई है, भिखारी के घर से आई है मायके वालों की दहेज देने की औकात नहीं है। यह कह कर उसके साथ हमेशा मारपीट करता था जबकि पीड़िता के माता-पिता ने अपने हैसियत के मुताबिक घरेलू आवश्यक सामान दहेज में दिए थे पति द्वारा उसे प्रताड़ित करते हुए अन्य पुरुषों के साथ अनैतिक संबंध का आरोप लगाया जाता था। आरोपी करीबी रिश्तेदारों से भी अपने पत्नी के साथ गलत संबंध होने का शक करता था।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

**भिलाई, 19 अप्रैल।** भिलाई इस्पात सयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा भिलाई नगर परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु 20 अप्रैल शनिवार को संध्या 7 बजे से महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में लोक कला, प्रहसन व मतदान पर ही आधारित नए पुराने, फिल्मी गीतों को प्रस्तुत किया जाएगा। प्रहसन का प्रदर्शन सूत्रधार सांस्कृतिक व सामाजिक संस्था भिलाई, लोकगीतों व लोककला का प्रदर्शन श्रीमती रजनी रजक की संस्था व सांगीतिक कार्यक्रम को शाहिद आरिफ ऑर्केस्ट्रा द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क है। आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन, दुर्ग व भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा नगर वासियों से अधिकाधिक संख्या में मतदाता जागरूकता विषयक आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की गई है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माणाधीन आवासों का कार्य जल्द हो पूरा:आयुक्त

**दुर्ग, 19 अप्रैल।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास का कार्य को लेकर आज आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने संबंधित अधिकारियों के साथ डाटा सेंटर में बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का कार्य तत्काल पूर्ण कराना सुनिशित करें।उन्होंने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 108 आवास गणपति विहार को 15 मई तक एवं 116 आवास पोटियाकला को 22 अप्रैल तक फ़िनिशिंग स्टेज से कम्पलीट कर के नगर निगम को हैंडओवर करने को कहा गया है तथा आवंटित आवास में जिन हितग्राहियों ने पूरी राशि जमा कर दिया है उन्हें आधिपत्य सौपे।

बैठक के दौरान नोडल अधिकारी दिनेश नेताम,सहायक नोडल अधिकारी जितेंद्र समैया सूडा से उपस्थित प्रीतेश वर्मा,पीएमसी एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित थे। उन्होंने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की गहन समीक्षा करते हुए पूर्ण हो चुके आवासों की जानकारी ली।

मोदी सरकार की योजना गरीबों के लिए,प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (जनमन) योजना के लाभार्थियों को मिलने लगा लाभ

# पीएम मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में ऐतिहासिक काम हो रहे हैं :विजय शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 19 अप्रैल।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के रेंगाखार, तरेगांव ,कुंडा में आज जनसंपर्क कर क्षेत्र की जनता से मुलाकात की । देश को सशक्त नेतृत्व देने वाले नरेंद्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने और क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी संतोष पाण्डेय जी को सांसद बनाने हेतु सघन जनसंपर्क और प्रचार किया .

इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में ऐतिहासिक काम हो रहे हैं। भारत ने आधारभूत सुविधा, विनिर्माण, संचार, अनुसंधान में कई नए आयाम छुए हैं। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछले 10 वर्ष में कोई घोटाला नहीं हुआ है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त की गई है। अयोध्या में दिव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। सीएए कानून लागू हो गया है। उन्होंने कहा प्रधानमन्त्री जी ने जनमन योजना शुरू की है यह योजना एक तरह का अभियान है जिसका पूरा नाम प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान है। इस योजना के माध्यम से आदिवासी समाज के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य शिक्षा, रोजगार के अवसर जैसी बुनियादी सुविधाओं से जोड़ा जायेगा। इस योजना के तहत पहली किश्त जारी कर



दी गई है अनेक स्थानों पर सुदूर वनांचल क्षेत्रो में इसका लाभ पहुचने लगा है इस योजना के तहत क्क्कुअत क्षेत्र में सड़क और टेलीफोन कनेक्टिविटी,पावर,सुरक्षित घर,पीने का साफ पानी,सफाई,शिक्षा,स्वास्थ्य,पोषण बेहतर ढंग से पहुच सके इस दिशा में मोदी जी कदम आगे बढ़ा चुके है इसका लाभ कवर्धा जिले को भी मिल रहा है इस योजना के तहत करोड़ो रूपये के 41 सड़क वनाचल क्षेत्र को मिला है उन्होंने कहा देश में पहली बार उनके कार्यकाल में देश के सर्वोच्च पद पर महिला आदिवासी रास्ट्रपति बनती है ,छत्तीसगढ़ में असली आदिवासी बेटा मा. विष्णुदेव मुख्यमंत्री बनते है . और डबल ईंजन की सरकार बनते ही मोदी जी की ग्यारंटी तय सीमा में पूरा होने लगता है . छत्तीसगढ़ सरकार बनने के बाद 18 लाख प्रधामन्त्री आवास जारी हो गए . किसानो के उपज का सर्वोच्च खरीदी इस सरकार ने की है .धान के समर्थन मूल्य के अंतर बोनस को एक मुस्त किसानो के खाते में अंतरण किया गया और हमारी विवाहित बहनो ,माताओं को हर माह 1 हजार रूपये मिलने लगे . उन्होंने कहा देश के साथ साथ राज्य के विकास के लिए डबल ईंजन की सरकार जरूरी है उन्होंने कहा भारत के सांस्कृतिक गौरव को पुनरस्थापित करने के साथ साथ तेजी से विकसित भारत बनाने के लिए रात दिन मेहनत करने वाले मोदी जी के संकल्प को पूरा करना है अबकी बार 400 पार कर भारी बहुमत से नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है . इस दौरान जिला भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी ,जनप्रतिनिधिगण ,मंडल के अध्यक्ष महामंत्री सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## बीएसपी कर्मचारियों का उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए किया गया सम्मान







भिलाई, 19 अप्रैल। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता ने अपने कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशंसा पत्र के साथ सम्मानित किया। इनमें प्रबंधक प्रवीण जायसवाल, प्रबंधक पवन कुमार जायसवाल, सीनियर ऑपरेटिव दीपक कुमार खडतकर शामिल हैं। विगत दिनों प्रवीण जायसवाल को बी शिफ्ट में, बिना कोई डाउनटाइम रिकॉर्ड किए 163 रेलों को रोल करके उत्कृष्ट प्रदर्शन, सूक्ष्म योजना और उसके प्रशंसनीय क्रियान्वयन हेतु प्रशंसा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इन्होने पूरे शिफ्ट के दौरान अनुभाग को तनाव-मुक्त बनाये रखा और अपने अथक प्रयास और निरंतर निगरानी से इस उपलब्धि को संभव बनाया। शॉप्स के उत्पादन में इनका उल्लेखनीय योगदान है और ऐसा करके इन्होने प्रदर्शित किया है कि उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से प्रभावी संचालन का प्रबंधन सम्भव है। पिछली पाली में ब्रेकडाउन के कारण, विजुअल इंस्पेक्शन के लिए रेल की उपलब्धता बहुत कम थी। रेल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पवन कुमार जायसवाल ने ए शिफ्ट में, रेल की 162 नग रोलिंग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इनकी सक्रिय योजना और उसके कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप यह लक्ष्य हासिल हुआ। शिफ्ट के दौरान इनके अथक प्रयास एवं सतत् निगरानी की सराहना हेतु पवन कुमार जायसवाल को सम्मानित किया गया। दीपक कुमार खडतकर ने बी शिफ्ट में गैस लाइन सर्किट में नाइट्रोजन को शुद्ध करके आपने गैस नेटवर्क को तैयार किया और फर्नेस के सामान्य संचालन में अपना सराहनीय योगदान दिया। रात करीब 9.25 बजे वोल्टेज कम होने के कारण फर्नेस फिर से बंद हो गया। मुख्य शीतलन लाइन निष्क्रिय थी।

इसलिए पंप हाउस के डीजल पंप को चालू कर, सेकेंडरी कूलिंग लाइन को निर्बाध उत्पादन हेतु तुरंत चालू किया गया। इनकी सतर्कता और एसओपी के त्वरित निष्पादन ने फर्नेस को सामान्य स्थिति में वापस लाया। ऐसा करके इन्होने मिल को लंबे समय के ब्रेकडाउन से बचाया और अपने उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मान प्राप्त किया।

## नाली में गोबर देख भड़कीं आयुक्त, लगाया जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रिसाली।** डेयरी संचालक की मनमानी पर बृहस्पतिवार को आयुक्त मोनिका वर्मा ने फटकार लगाई। डेयरी संचालक पर दो हजार का जुर्माना लगाया। दरअसल डेयरी संचालक दुधारू मवेशी के गोबर को सार्वजनिक नाली में डाल रहा था। डेयरी संचालक के इस हरकत को देख नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने डेयरी संचालक को समझाइश देने मौके पर बुलवाया। समझाइश के पहले वार्ड 29 निवासी डेयरी संचालक बिसौहा राम यादव यह कहते हुए बहस करने लगा कि वह अकेला नहीं है जो नाली में कचरा डालता है। डेयरी संचालक के इस व्यवहार को देखने के बाद आयुक्त ने मौके पर ही 2000 जुर्माना वसूल करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग से कहा कि खटाल संचालक दोबारा गलती करते पाए जाने पर दो गुना जुर्माना वसूल किया जाए। मार्निंग विजिट के तहत आयुक्त मोनिका वर्मा वार्ड 29 में 14 लाख से बने ऑक्सीजोन का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑक्सीजोन में डेयरी से आने वाली गंदगी को रोकने के निर्देश दिए। साथ ही अधूरे पानी निकासी के संसाधन को सूचीबद्ध करने कहा। आयुक्त ने वार्ड 29 में चल रहे सफाई कार्य का जायजा लिया। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिए कि वार्ड में होने वाले सफाई कार्य की मॉनिटरिंग प्रतिदिन हो। सफाई कार्य में मानव संसाधन की कमी होने पर एजेंसी को नोटिस जारी करें। सिंचाई विभाग द्वारा निस्तारी तालाब के लिए दिए जाने वाले पानी की स्थिति की जानकारी ली।

आयुक्त ने वीआईपी नगर स्थित नहर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। उन्होंने जल्द ही नहर सफाई कार्य पूर्ण करने निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम की कमिशनिंग का जायजा लिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,19 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग के समय सारणी अनुसार छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में आगामी 26 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। कबीरधाम जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्यों का जायजा लिया। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग का कार्य नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाई गई मतगणना हाल में किया जा रहा है। कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर और अभ्यार्थियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम का सील विविधत खोला गया। इस पूरे प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी भी कराई गई है। आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मॉकपाल भी किया गया कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने कृषि उपज मंडी परिसर स्थित जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, बैठक कक्ष, जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष, सुरक्षा व्यवस्था कक्ष, सीटी टीवी निगरानी कक्ष, सहित सभी आवश्यक व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होने मतदान दल रवानगी एवं इलेक्ट्रानिंग वोटिंग मशीन वापसी और मतगणना दिवस के दिन के लिए पार्किंग व्यवस्था का अवलोकन किया और इसके लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि जिले के कवर्धा एवं पंडरिया इन दोनों विधानसभा क्षेत्र के इलेक्ट्रानिंग वोटिंग मशीनों की सुरक्षा, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का वितरण, मतदान दल की रवानगी, मतगणना स्थल, और मतगणना दिवस के दिन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, रिटर्निंग आफिसर, जिला निर्वाचन अधिकारी की अलग-अलग बैठक व्यवस्था एवं मॉनिटरिंग कक्ष बनाएं जाएंगे।

जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में 75 टेबल लगाकर मतदान के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्य किया जा रहा हैं। इसके माध्यम से बीयू में बैलेट पेपर लगाएं गए और पिंक पेपर से सील किया गया। व्हीव्हीपैट में ईसीआईएल के इंजिनियरों के माध्यम से सिंबॉल लोडिंग का कार्य किया गया। राजनैतिक दलों की उपस्थित में 5 प्रतिशित मशीनों में 01 हजार मॉकपॉल किया गया। सभी बीयू, सीयू और व्हीव्हीपैट का सिलिंग कार्य किया जा रहा है। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में कुल 15 अभ्यर्थी एवं नोटा 01 कुल 16 है। विधानसभा क्षेत्र पंडरिया के 393 मतदान केन्द्र हैं। इन मतदान केन्द्रों के लिए 393 बैलेट यूनिट, 393 कंट्रोल यूनिट तथा 393 व्हीव्हीपैट को सुरक्षित रखा गया है। इसके साथ ही कंट्रोल यूनिट 78, बैलेट यूनिट 78 और 117 व्हीव्हीपैट रिर्जव रखा गया गया है। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 411 हैं। इन मतदान केन्द्रों के लिए बैलेट यूनिट 411, कंट्रोल यूनिट 411 और व्हीव्हीपैट 411 सुरक्षित रखा गया है। बैलेट यूनिट 82, कंट्रोल यूनिट 82 और 123 व्हीव्हीपैट रिर्जव के लिए चयन किया गया है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर संदीप ठाकुर, कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर आशीष अनुपम टोप्पो, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त, डिप्टी कलेक्टर सुश्री आकांक्षा नायक, सहायक संचालक एमके गुप्ता, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नभ वर्मा एवं सेक्टर आफिसर एवं कमीशनिंग कार्य मे लगे अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में कबीरधाम जिले के कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा निर्वाचन आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान का समय सुबह 07 बजे से शाम 06 बजे तक निर्धारित है। मतदान दिवस के लिए आयोग के निर्देशानुसार जिले के इन दोनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में मतदान दिवस के दिन उपयोग में लाई जाने वाले इलेक्ट्रानिग वोटिंग मशीन से सम्बद्ध कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं व्हीव्हीपैट का द्वितीय रेण्डमाईजेशन ईएमएस सॉफटवेयर से किया जा चुका है। इसके बाद 18 अप्रैल को इन मशीनों की कमिशनिंग की कार्यवाही की गई है। इन दोनां विधानसभा क्षेत्रों में कुल 804 मतदान केन्द्र है। विधानसभा क्षेत्र पंडरिया में कुल 393 और विधानसभा क्षेत्र कवर्धा में कुल 411 मतदान केन्द्र हैं।

## भिलाई-चरौदा निगम ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



भिलाई-03। निगम भिलाई-चरौदा प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। इन सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य शत-प्रतिशत मतदान को प्रोत्साहित करना है। यहाँ यह बता दें कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दुर्ग से प्राप्त निर्देशानुसार प्रत्येक मतदाता का मताधिकार सुनिश्चित किये जाने जागरूकता का प्रचार और प्रसार किया जा रहा हैं।इसे सफल करने रैली बैनर-पोस्टर सहित अन्य माध्यमो का उपयोग करते हुये मतदान के प्रति जन जागरण का अभियान निगम द्वारा चलाया जा रहा हैं। इस कड़ी में भिलाई-चरौदा निगम क्षेत्र में कार्यरत स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विशाल रैली निकालकर स्थानीय मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना योगदान प्रदान करने प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा हैं।हमारा मतदान निर्भिक निष्पक्ष और किसी भी प्रकार के प्रलोभन से मुक्त हो इस भावना को जन-जन तक पहुँचाना ही मतदाता जागरूकता अभियान का लक्ष्य हैं। दिव्यांग वरिष्ठ तथा तथा युवा मतदाताओं में मतदाता जागरूकता अभियान से एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है। मतदाताओं में जागरूकता लाने इस तरह का आयोजन भिलाई-चरौदा निगम प्रशासन द्वारा आगामी मतदान तक निरंतर किया जाता रहेगा।



### पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर अपर कलेक्टर अविनाश भोई ने जिले के पेट्रोल पंप संचालकों को लोकसभा निर्वाचन 2024 के क्रियान्वयन एवं निष्पादन अवधि तक अपने पेट्रोल पंप में डीजल 3000 और पेट्रोल 1000 लीटर स्टॉक हमेशा उपलब्ध रखने के निर्देश दिए हैं। अपर कलेक्टर श्री भोई ने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त वाहनों के लिए आवश्यकतानुसार पेट्रोल व डीजल पर्ची उपलब्ध कराएंगे एवं पेट्रोल पंप में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध रखने कहा गया है।



### चौथे दिन 9 अभ्यर्थियों ने जमा किया नामांकन पत्र

**भिलाई, 19 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव 2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत नामांकन जमा करने के चौथे दिन संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए कुल 9 नामांकन जमा हुआ, जिसमें अरुण जोशी निर्दलीय, भानु प्रताप चतुर्वेदी निर्दलीय, श्रीमती अंजू केमे एकम सनातन भारत पार्टी, राकेश साहू न्याय धर्म सभा पार्टी, खिलानंद जसपाल निर्दलीय,दिलीप रामटेके बहुजन समाज पार्टी, अली हुसैन सिद्दीकी निर्दलीय, अनूप कुमार पाण्डेय निर्दलीय, सुश्री पुष्पा मेरिसा अम्बेडकर राईट पार्टी ऑफ इंडिया ने नामांकन पत्र जमा किया। आज नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन अभ्यर्थी शीतकरण आजाद समाज पार्टी (का.), निर्दलीय संतोष कुमार मारकंडे, दाऊ राम चौहान, ध्रुव कुमार सोनी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र खरीदा। इस प्रकार अब तक 19 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पत्र जमा किया। वहीं 27 लोगों ने अब तक नामांकन खरीदी किए हैं।

**एक नजर**

## भूपेश बघेल को राजनांदगाँव क्षेत्र में वोट मांगने का नैतिक अधिकार नहीं : संतोष पांडे

**राजनांदगाँव,19 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संतोष पांडे ने आज राजनांदगाँव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों का दौरा करते हुए कहा की कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को क्षेत्र में वोट मांगने का नैतिक अधिकार नहीं हैं। वे पाँच वर्षों तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहें, इस दौरान वे राजनांदगाँव क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार करते रहें। डा. रमन सिंह सरकार के दौरान विकास कार्यों के लिए भेजी गई धन राशि को उन्होंने वापस बुला लिया था और उसके बाद विकास कार्यों के लिए फूटी कौड़ी नहीं दी, विकास कार्य करना तो दूर रहा उल्टे क्षेत्र के अनेक सरकारी विभागों को दुर्ग लेकर चले गए। विकास के नाम पर पूरा क्षेत्र पाँच वर्षों तक उपेक्षित रहा। विकास के लिए तरसता व तड़पता रहा पर भूपेश बघेल के कान में जूँ नहीं रेंगी। जितना हो सकता था यहाँ के नागरिकों द्वारा डा. रमन सिंह को विधायक चुने जाने के कारण उनसे बदला लिया। अब वे किस मुंह से वोट मांग रहें हैं, ये समझ से परे हैं। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अपने आरोपों को स्पष्ट करते हुए श्री पांडे ने आगे कहा की सेतु विकास निगम का कार्यालय यहाँ से षड्यन्त्र पूर्वक दुर्ग स्थानांतरित कर दिया गया। इसी तरह छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के कार्यालय को भी अपने गृह जिले दुर्ग ले गया तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) को स्थानांतरित किया गया इतना ही नहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यालय को भी अपने पसंदीदा क्षेत्र में ले गए और तो और महुआ का प्रसंस्करण केंद्र को भी अपने निर्वाचन क्षेत्र पाटन ले जाने का असफल प्रयास किया। श्री पांडे ने अपने आरोपों की झड़ी में आगे कहा कि मध्यप्रदेश के जमाने से प्रदेश का इकलौता सरकारी मुद्रणालय राजनांदगाँव में स्थित हैं, यह यहाँ की सबसे पुरानी सरकारी संस्था थी जो पूरे प्रदेश में राजनांदगाँव की पहचान हैं इसे भी यहाँ से अन्यत्र स्थानांतरित करने का षड्यन्त्र रचा गया था किन्तु भारी विरोध के चलते यह संभव नहीं हो पाया। इसी तरह छत्तीसगढ़ क्षेत्र का गौरव खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्व विधायले जो संगीत के क्षेत्र में भारत का पहला व एशिया का दूसरा विश्व विध्यालय हैं, उसे भी यहाँ से ले जाने का कुचक्र रचा गया जो खैरागढ़ के जागरूक नागरिकों के भारी विरोध, आंदोलन व बंद के करण रुक पाया। श्री पांडे ने प्रति प्रश्न करते हुए कहा की जब श्री बघेल को इस क्षेत्र से इतनी नफ़रत हैं, वे यहा के विकास को लेकर घोर विरोधी रहें हैं, अपने शासनकाल में लगातार सौतेला व्यवहार करते रहें हैं, इस क्षेत्र की विकास के लिए कोई फंड उपलब्ध नहीं कराया उल्टे यहाँ विकास कार्यों के लिए आये फंड को वापस बुला लिया फिर वे किस मुंह से इस क्षेत्र की जनता से वोट मांगने आये हैं? श्री पांडे ने क्षेत्र के विकास के विरोधी ऐसे कांग्रेस प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव में बुरी तरह पराजित करने का आवाहन करते हुए कहा कि अब समय आ गया हैं जब हम अपने वोट के जरिये क्षेत्र की घोर उपेक्षा करने वाले व्यक्ति को सबक सिखाने के लिए यह आवश्यक हैं की हमसब 26 अप्रैल को कमल फूल छाप का बटन दबाए। श्री पांडे आज राजनांदगाँव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण मण्डल के ग्राम डिलापहरी, परींकला, सोमनी, इंदावानी, कोपेडीह, बिरेझर पहुचे, अनेक ग्रामों में श्री पांडे का भावभीना स्वागत किया गया, उन्हे फूल मालाये पहनाई गई, माताओं ने मंगल तिलक लगाया और विजय का आशीर्वाद दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से नीलू शर्मा, लीलाधर साहू, विवेक साहू, रोहित चंद्राकर, अशोक देवांगन, कृष्णा तिवारी, खिलेश्वर साहू, हेमलता तिवारी, पप्पू चंद्राकर, रामबिलास साहू, हरिशंकर देशमुख, देवकुमारी साहू, पुष्पा गायकवाड़, उमा साहू, प्रभा साहू, संध्या पांडे, डा. दयालाल देशमुख, महेश साहू, मोतीलाल देवांगन, बलराम निर्मलकर, कमला खोबरागड़े, सुशील साहू, चुनेश्वर साहू, पुष्पा उईके सहित ग्रामीण मण्डल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा के संकल्प पत्र में ई-कोर्ट स्थापित करने का निर्णय स्वागतेय:विकास तिवारी

**राजनांदगाँव,19 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए पार्टी का विधि प्रकोष्ठ भी खासा सक्रिय हैं, प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता बौद्धिक वर्ग के लोगों से मेल मुलाकात कर उन्हे भाजपा के विचारों से तो अवगत करा ही रहें हैं साथ ही साथ भाजपा के संकल्प पत्र ङ्क मोदी गारंटी 2024 का बुद्धजीवियों पर हो रहे असर को भी बता रहें हैं। प्रकोष्ठ के संयोजक विकास तिवारी ने बौद्धिक वर्ग के लोगों से चर्चा करते हुए कहा की वन नेशन - वन इलेक्शन की बड़ी गारंटी मोदी सरकार ले रही है, इससे जहां देश के संसाधनों की बड़ी बचत होगी वही एक साथ चुनाव कराने से विकास कार्यों को गति मिलेगी.

# शत-प्रतिशत मतदान से लोकतंत्र एवं देश होगा मजबूत : कलेक्टर

- कलेक्टर ने सभी लोगों से मतदान करने की अपील की
- इंडस्ट्रियल एरिया ममता नगर में स्वीप कार्यक्रम का हुआ आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़



**राजनांदगांव 19 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने उद्देश्य से स्वीप अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के लिए शिक्षित एवं जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज यहां जिला मुख्यालय स्थित इंडस्ट्रियल एरिया ममता नगर में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि विगत विधानसभा निर्वाचन में जिले में मतदान का प्रतिशत अधिक रहा है। सामान्य रूप में लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदान का प्रतिशत कम हो जाता है। इसे बढ़ाने के उद्देश्य से हम सभी को समन्वित प्रयास करना है। सभी के समन्वित प्रयासों से लोकसभा निर्वाचन में विधानसभा की अपेक्षा इससे अधिक मतदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी औद्योगिक प्रतिष्ठान अपने यूनिट में काम करने वाले श्रमिकों एवं अन्य कर्मचारियों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करें और शत-प्रतिशत मतदान कराने का प्रयास करें। मताधिकार आपका अपना अधिकार है और इसका प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि हम जितना अधिक मतदान करेंगे, उतना अधिक हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा और देश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को अपने-अपने मतदान केन्द्र पहुंचे, अपने मतदान का प्रयोग करें, स्वयं के साथ-साथ परिवार के सभी सदस्यों से मतदान कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि सब लोग अपने आस-पास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। आपका यह छोटा सा प्रयास लोकतंत्र में जिम्मेदारी निभाने के साथ आपकी सहभागिता सुनिश्चित करेगा। उन्होंने शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। कलेक्टर ने इस अवसर पर सभी को मतदान करने के लिए मतदाता शपथ दिलाई। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि प्रायः यह देखा जाता है कि जहां पर भी औद्योगिक क्षेत्र होते हैं, वहां मतदान का प्रतिशत अपेक्षा अनुरूप कम होता है। मतदान दिवस को मतदान करने के लिए अवकाश मिलता है। इसका उपयोग करते हुए अधिक से अधिक मताधिकार का प्रयोग करें। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि उद्योग जगत अपने-अपने क्षेत्र के लोगों से शत-प्रतिशत मतदान के लिए आग्रह करें और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें पत्र भी लिखें। उन्होंने उद्योग एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों से अपने कामगारों को मतदान के लिए जागरूक करने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर आज आईबी ग्रुप के कॉर्पोरेट कार्यालय में भी स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां एबीस समूह के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवर पर महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री संग वर्गीस, उद्योग एसोसिएशन के पदाधिकारी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे।

# सावधानी, सजगता एवं कुशलतापूर्वक अच्छी तरह मशीनों की कमिशनिंग करने के दिए गए निर्देश

**राजनांदगांव,19 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**



सामान्य प्रेक्षक श्री शशि रंजन तथा कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत 4 विधानसभा क्षेत्र के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपेट मशीन की कमिशनिंग आज छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव स्थित स्ट्रांग रूम में प्रारंभ किया गया। जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दलों के लिए इव्हीएम एवं वीवीपेट मशीन का कमिशनिंग कार्य पूरा किया जा रहा है। इसके लिए प्रशिक्षित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्य किया जा रहा है। आगामी 26 अप्रैल 2024 को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के लिए 4 विधानसभावार डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी के लिए तैयार किया गया। सामान्य प्रेक्षक श्री शशि रंजन ने कमिशनिंग के निरीक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने मतदान कर्मियों को अच्छी तरह से कमिशनिंग कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सावधानी, सजगता एवं कुशलतापूर्वक अच्छी तरह मशीनों की जांच कर लें। किसी भी तरह की आशंका होने पर तत्काल अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करें। उन्होंने मतदान दलों के लिए वाहन, पार्किंग, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान 4 विधानसभा के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपेट मशीन को मतदान के लिए तैयार किया गया। बैलेट यूनिट में बैलेट पेपर लगाया गया। निर्वाचन लड़ने वाले 15 अभ्यर्थी के लिए सेट किया गया तथा बैलेट यूनिट में अभ्यर्थियों के चुनाव चिन्ह अपलोड किए गए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने बताया कि विधानसभावार कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1006 है, जिसमें राजनांदगांव जिला अंतर्गत 840 मतदान केन्द्र एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत 97 मतदान केन्द्र तथा मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी अंतर्गत 69 मतदान केन्द्र आते हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ अंतर्गत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 270 है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या 173 एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या 97 है। खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले अंतर्गत आने वाले डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के लिए मशीने रिजर्व सहित तैयार कर दिया गया। मतदान सामग्री का वितरण, वापसी एवं मतदान का कार्य खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले में वहां के मतदानकर्मी कराएंगे।

## भाजपा नक्सलवाद, आतंकवादमुक्त भारत की बात क्यों नहीं करती?

**रायपुर,19 अप्रैल।** भाजपा नेताओं के नक्सलियों से पहले कांग्रेस का खात्मा वाले बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा नेताओं ने नक्सलियों से पहले कांग्रेस का खात्मा वाले बयान देकर नक्सलियों के प्रति भाजपा की नरम एवं सहयोगी रुख को जनता के सामने रखा है। भाजपा संविधान बदलने की बात करती हैं और नक्सली संगठन संविधान के खिलाफ काम करते हैं। दोनों को लोकतंत्र में रुचि नहीं है बल्कि लोकतंत्र खत्म कर शासन करना चाहते हैं। कांग्रेस संगठन इन दोनों के गलत मंसूबे के सामने मजबूत दीवार बनकर खड़ा हुआ है। इसीलिये बीते 10 साल से भाजपा कांग्रेस मुक्त भारत बनाने की बात करती आ रही है। भाजपा कभी बेरोजगारी, महंगाई ,भ्रष्टाचार, अराजकता, आतंकवाद और नक्सलवाद मुक्त भारत बनाने के बात नहीं कही है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस जनता की लड़ाई सदन से लेकर सड़क में लड़ी है

# महंगाई व जीएसटी से हर वर्ग परेशान: अरुण वोरा

**शहर में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के लिए वोट मांगने निकले अरुण वोरा**



**राजनांदगांव,19 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में जनता से आर्शीवाद मांगने व क्षेत्र के सर्वागीण विकास के लिए दुर्ग के पूर्व विधायक अरूण वोरा मंगलवार को शहर में मतदाताओं व कांग्रेसजनों से रूबरू हुए।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार 16 अप्रैल को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष व दिवंगत वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा के सुपुत्र दुर्ग के पूर्व विधायक अरूण वोरा राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में जनसंपर्क करने पहुंचे थे। सर्वप्रथम श्री अरूण वोरा गौड़ ब्राम्हण समाज की बैठक में शामिल होकर समाज से कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में जनसमर्थन मांगा। तत्पश्चात कामठी लाइन स्थित कांग्रेस भवन पहुंचकर कांग्रेसजनों व कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका हौसला अफजाई करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में माहौल बनाने व अधिक से वोट दिलाने संकल्पित किया। इसके बाद पूर्व विधायक अरूण वोरा कामठी लाइन, भारत माता चौक, सिनेमा लाइन, तिरंगा चौक में डोर-टू-डोर चुनाव प्रचार करते हुए मतदाताओं व व्यापारियों से रूबरू होकर चर्चा की जहां पर व्यापारियों ने खुलकर केन्द्र की मोदी सरकार की नीतियों पर हमला बोलते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा जीएसटी लागू कर हम व्यापारियों को मानसिक व आर्थिक एवं शारीरिक रूप से परेशान कर दिया है जिसके कारण व्यापार करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान पूर्व विधायक अरूण वोरा ने व्यापारियों को बताया कि केन्द्र की मोदी सरकार छलावा सरकार है, करोड़ों युवा डिग्री लेकर घूम रहे हैं रोजगार देने वाली बात जुमलेबाजी साबित हुई। भाजपा की मेनीफेस्टिवल में कुछ भी नया नहीं है। श्री वोरा ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार आते ही इस पर पुनः विचार कर हर वर्ग के हितों का ध्यान रखते हुए कार्य किया जाएगा। श्री वोरा ने कहा कि केन्द्र में बैठी भाजपा की सरकार व्यापारियों के हितों से कोई सरोकार नहीं है और वे लगातार तुगलकी फरमान से लागू जीएसटी के चलते व्यापारियों पर दबाव डालकर सिर्फ और सिर्फ वसूली का काम कर रही है। जिससे कारण महंगाई दिनों-दिन बढ़ रही है जिसकी सबसे ज्यादा मार आम जनता को हो रही है। इसके बाद श्री वोरा प्रेमचंद बाफना के निवास पहुंचकर कांग्रेसजनों से भेट मुलाकात कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष रमेश राठौर, कमलजीत सिंह पिन्टू, डा.गंभीर कोटडिया, सावंलदास मोटलानी, नत्थू अग्रवाल, रूपेश दुबे, विवेक वासनिक, राकेश जोशी, माया शर्मा, मोहम्मद यहया, नरेश शर्मा, झम्मन देवांगन, फिरोज अंसारी, हनी ग्रेवाल, करीम मेमन, शिव अग्रवाल, शरद खंडेलवाल, अतुल भारद्वाज, मामराज अग्रवाल, जितेन्द्र शर्मा, भरत सोनी, मुस्तफा जोया, अनिल ठाकुर, सुरेन्द्र देवांगन, फरमान अली, निशांत जैन, शेषनाथ, संदीप जायसवाल, संजय साहू, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**भाजपा का घोषणा पत्र मोदी जी के फोटो एलबम के अलावा कुछ नहीं**

# यह चुनाव हार-जीत का नहीं लोकतंत्र बचाने के लिए:राधिका खेड़ा

**राजनांदगांव ,19 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी प्रखर वक्ता राधिका खेड़ा आज राजनादगांव प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता लेकर कही कि आज हम एक बहुत ही भीषण चुनाव के समय में है देश में ये चुनाव किसी को जिताने या किसी को हराने के लिए नहीं है बल्कि यह चुनाव संविधान को बचाने के लिए है क्योंकि लगातार भाजपा के सांसद सार्वजनिक रुप से इस बात को बल दे रहे हैं कि हमें 400 पार सीटें जितनी हैं क्योंकि हमें संविधान बदलना है संविधान को मोदी जी भाजपा इसीलिए बदलना चाह रहे हैं क्योंकि उन्हें- आरक्षण हटाना है- लोगों से उनके विरोध करने का है छीनना है ,सब कुछ अड़ानी अंबानी को बेच देना है और कोई सवाल ना कर सके - मीडिया को बंद करना है कि वो भी सवाल ना उठा सके भाजपा अपने मैनिफेस्टो में मोदी जी का 48 बार फोटो आता है। कांग्रेस के मैनिफेस्टो में राहुल जी की मात्र 3 बार फोटो है.इसीलिए भाजपा का ये मैनिफेस्टो नहीं है ये मोदी जी का फोटो एल्बम है।

कांग्रेस ने कहा कि हम 3 लाख रिक्त पदों को भरेंगे। वहीं भाजपा के मैनिफेस्टो में नौकरियों का जिक्र ही नहीं हैं। मिशन 2047 मतलब आज से 23 साल बाद करने की बात किए हैं।देश के जवानों को जो 18 साल की उम्र में अग्निवीर बनेंगे उन्हें 22 साल की उम्र में रिटायरमेंट कर देंगे। कांग्रेस पार्टी ने वादा किया है गैरन्टी दी है कि इस योजना को समाप्त किया जाएगा। हमने किसानो को एम एस पी पर लीगल गैरन्टी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को लागू करने खेती किसानी यंत्रों को जीएसटी के दायरे से दूर किया जाएगा। और कर्ज माफी के लिए एक अलग से आयोग बनाया जाएगा। क्योंकि भाजपा का किसानो पर आंसू गैस के गोले, किसान आंदोलन में 800 किसान शहीद हो गए। किसी को आप एक बार मूर्ख बना सकते हैं, दो बार मूर्ख बना सकते हैं, बार बार अगर आप किसी को मूर्ख बनाने की सोच रहे हैं तो आप स्वयं मूर्ख है। जनता मूर्ख नहीं है।

पिछले पांच सालों में केन्द्र सरकार के खिलाफ किसान जमीन पर आंदोलन कर रहे हैं छात्र युवा आंदोलन कर रहे हैं जवान आंदोलन कर रहे हैं पहलवान आंदोलन कर रहे हैं जवान आंदोलन कर रहे हैं, ट्रेड यूनियन आंदोलन कर रहे हैं, रेलवे के बी एस एन एल के एलआइसी के जीतने भी केंद्रीय कर्मचारियों में प्राइवेटाइज़ेशन के खिलाफ़ सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं। हर तरफ लोग आंदोलित हैं। राजनादगाव की हालत तो यह है कि जनता को यहां के सांसद का नाम तक पता नही है। चर्चित लापता सांसद के बारे में जनता बोल रही हैं' कि 5 साल में एक भी बार दिखाई नहीं दिए। जनता के हितों से बेसुध भी रहे इसलिए सबक सिखाने का मौका मिला है जिसे चूकेंगे नही । राधिका खेड़ा ने भाजपा को हर मुद्दे पर घेरते हुए तथ्य परख बाते रखते हुए पत्रकार साथियों के प्रश्नों का सटीक जवाब भी दिया।प्रेसवार्ता में प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई महापौर हेमा देशमुख, प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे, प्रदेश स महामंत्री आलोक चंद्राकर, मीडिया समन्वयक ऋषभ चंद्राकर, शुभम शुक्ला आदि उपस्थित थे

## कुछ लोगो के पार्टी छोड़ने से पार्टी की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ताः कांग्रेस

**रायपुर,19 अप्रैल।** कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओ के भाजपा प्रवेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि किसी के जाने से पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ता। कांग्रेस के प्रदेश में निष्ठावान 19 लाख से अधिक कार्यकर्ता है। 24000 बूथों पर पार्टी की बूथ कमेटिया तैनात है। कुछ अवसरवादी लोगो के पार्टी छोड़ने से पार्टी की मजबूती एवं पार्टी के चुनाव अभियान में कोई कमी नहीं आनी वाली। हर चुनाव में कुछ वैचारिक रूप से कमजोर तथा सत्ता लोलुप लोग दल बदल करते है। यह सामान्य प्रक्रिया है। लेकिन पार्टी के पास निष्ठावान कर्मठ ईमानदार कार्यकर्ताओं की फौज है जो देश की आजादी की लड़ाई से लेकर आज तक पार्टी के साथ दृढ़ता से खड़ी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि दल बदल करवाने की भाजपा की आतुरता बता रही है.

# एनआईटी परिसर में एप्लाइड ब्लॉकचेन सेंटर की स्थापना

**रायपुर, ,19 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** .एन आई टी रायपुर और इनफार्मेशन डेटा सिस्टम (आईडीएस) ने एआईसीटीई द्वारा समर्थित भारत ब्लॉकचेन नेटवर्क में शामिल होने और इसके दिशानिर्देशों के अनुरूप भारत ब्लॉकचेन विश्वविद्यालय उद्योग क्लस्टर के हिस्से के रूप में, एन आई टी परिसर में एप्लाइड ब्लॉकचेन सेंटर की स्थापना के लिए 17 अप्रैल 2024 को मेमोरेंडम ऑफ़अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एनआईटी रायपुर के निदेशक प्रोफेसर एन वी रमना राव ने इस एप्लाइड ब्लॉकचेन सेंटर को ब्लॉकचेन रिसर्च एंड इनोवेशन, स्टूडेंट अपस्किलिंग, व्यावसायीकरण



और छत्तीसगढ़ राज्य के लाभ के लिए बौद्धिक संपदा विकास का हब-स्पॉट बनाने के अपने दृष्टिकोण को साझा किया। श्री अरविंद वोरुगंती, ग्लोबल वाईस प्रेसिडेंट (इनफार्मेशन डेटा सिस्टम) और श्री सुनील यादवल्ली, बिज़नेस हेड (इनफार्मेशन डेटा सिस्टम), ने भारत ब्लॉकचेन नेटवर्क में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों को साथ लाने में इस साझेदारी के महत्व के बारे में बताया । यह एप्लाइड ब्लॉकचेन सेंटर सस्टेनेबल खनन और ऊर्जा क्षेत्र में ब्लॉकचेन पर केंद्रित है, जिसका लक्ष्य छत्तीसगढ़ के इन महत्वपूर्ण उद्योगों में नवाचार और व्यावहारिक अनुप्रयोगों को बढ़ावा देना है। प्रो. पी वाई ढेकने, रजिस्ट्रार, प्रो. पी. दीवान, डीन (अनुसंधान एवं परामर्श), प्रो. डी. सान्याल, डीन (संकाय कल्याण), डॉ. नितिन जैन, डीन (छात्र कल्याण), प्रो. एस. सान्याल, प्रो. एस. गुप्ता, प्रो. एम. प्रधान, डॉ. प्रदीप सिंह, विभागाध्यक्ष (सीएसई), डॉ. संजय कुमार, विभागाध्यक्ष (आईटी), प्रो. प्रियंका त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष (एमसीए), एनआईटी रायपुर के फैकल्टी कोऑर्डिनेटर (एप्लाइड ब्लॉकचेन सेंटर) डॉ. राकेश त्रिपाठी के साथ डॉ. चन्द्रशेखर जटोथ इस दौरान उपस्थित रहे।

## समोसे के विवाद मे गई नाबालिक की जान, 48 घंटे के भीतर पुलिस ने गुत्थी को सुलझाया

**राजनांदगांव,19 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।**श्रीमान पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के निर्देशन एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सोमनी श्री कृष्णा पाटले के नेतृत्व में थाना सोमनी के अंतर्गत ग्राम मौहाभाटा और मुड़ीपार रेलवे ट्रैक के मध्य एक युवक की लाश मिली जिसे थाना सोमनी के मर्ग क्रमांक 20/24 कायम कर जांच मे लिया गया अज्ञात युवक की पतासाजी हेतु सोमनी थाना निरीक्षक कृष्णा पाटले द्वारा टीम को लगाया गया प्रारंभिक जांच मे अज्ञात युवक की ट्रेन से गिरकर ही मौत होना प्रतीत हो रहा था किन्तु पता साजी के दौरान मृतक कि पहचान समीर महानंद पिता वरुण महानंद उम्र 14 वर्ष निवासी गोपाल नगर थाना गुडियारी रायपुर के रूप मे हुई जांच के दौरान तथ्य सामने आया कि समीर की मौत ट्रेन से गिरने की वजह से नही बल्कि उसके ही साथी नाबालिग बालक उम्र 14 वर्ष निवासी रायपुर के ट्रेन मे समोसे को लेकर विवाद होने के कारण ट्रेन से ढकेल देने के कारण हुई है जिस पर थाना सोमनी मे अपराध क्रमां 95/24 धारा 302 भादवि के तहत मामला दर्ज हुआ और विधि से संघर्षरत बालक उम्र 14 वर्ष निवासी गोपाल नगर रायपुर को गोपालनगर रायपुर को पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म करना स्वीकार किया जिसे विधिवत बाल किशोर न्याय मे पेश कर बाल संप्रेक्षण गृह राज. भेजा गया इस कारवाही मे निरीक्षक कृष्णा पाटले, उपनि जलालुदीन खान, आर. शहबाज सिद्दीकी, विकास, मनोज ठाकुर, विनोद महिलंगे की महत्वपूर्ण भूमिका रही!!

## भाजपा का संकल्प पत्र युवाओं को प्रगति के अवसर देगाः विक्रांत सिंह

**खैरागढ़ ,19 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र को युवाओं के लिए आशा और विश्वास के नए आलोक में विकास व प्रगति के अवसर देने वाला बताते हुए प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व खैरागढ़ विधानसभा के शैडो विधायक विक्रांत सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में काफी तेजी से काम हुआ है और इससे देश की युवा प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने तथा सर्वतोमुखी विकास के पर्याप्त अवसर मिले हैं। श्री सिंह ने कहा, इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में काम होने से एक ओर जहां निवेश की नई संभावनाएं आकार लेती हैं, उद्योग- कारखानों की स्थापना होती है वहीं निवेश से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। श्री सिंह ने कहा, भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में युवाओं को फोकस करके यह स्पष्ट कर दिया है कि युवा प्रतिभाओं को अवसर देकर विकसित भारत के संकल्प को 2047 तक साकार करने का विजन लेकर भाजपा काम कर रही है। भाजपा ने प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर युवाओं की समस्या को ध्यान में रखकर यह संकल्प व्यक्त किया है कि पेपर लीक पर लगाम लगाने के लिए कानून लाया जाएगा। भाजपा सरकार ने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता को रोकने के लिए सख्ती करने का निर्णय लिया है।



## विश्व हीमोफीलिया दिवस पर लोगों को बीमारी की जानकारी दी गई

**रायपुर. ,19 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।**. डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड सेंटर द्वारा विश्व हिमोफिलिया दिवस (17 अप्रैल) के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन व संचालन ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. विजय कापसे, मेडिकल ऑफिसर डॉ. सूदित पाल एवं समस्त ब्लड बैंक स्टाफ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि हिमोफिलिया एक वंशानुगत (जेनेटिक) बीमारी है, जो अभिभावकों से संतान में आती है। यह बीमारी दो तरह कि होती है, हिमोफिलिया ए (A) और हिमोफिलिया बी (B)। हिमोफिलिया ए (A) हर 5000 पुरूषों में एक को और हिमोफिलिया बी (B), हर 30000 पुरुषों में एक को होता है, यह बीमारी अधिकतर पुरुषों में पायी जाती है, जबकि महिलाएं अधिकतर रोग वाहक होती है। हिमोफिलिया ए फैक्टर 8 और हिमोफिलिया बी फैक्टर 9 की कमी के कारण होता है, यह फैक्टर्स शरीर में रक्त के स्त्राव को रोकने में मददगार होते हैं, इनकी कमी से रक्त स्त्राव समय पर नहीं रूकता जिससे मरीज की जान भी जा सकती है। हर साल लगभग 60 प्रतिशत हिमोफिलिया के मरीज गंभीर रूप से बीमार होते हैं, जिसमें से 30 प्रतिशत हर साल अपनी जान गंवा देते है। इन मरीजों का कोई स्थायी इलाज नहीं होता है, पहले क्रायोप्रेसिपिटेट (Cryoprecipitate), रक्त का एक घटक जिसमें फैक्टर 8 और फैक्टर 9 होते हैं, देकर इनका उपचार किया जाता था। नई टेक्नोलॉजी, प्लाज्मा फ्रैक्शनेशन (Plasma Fractionation) के कारण अब फैक्टर 8 और फैक्टर 9 को रक्त से अलग करके उपयोग में लाया जा सकता है, हिमोफिलिया के मरीजों को इन फैक्टर की बार-बार जरूरत पढ़ती है। दवाई कंपनीयों द्वारा बनाये गये यह फैक्टर मंहगे होने के कारण सभी मरीजों को उपलब्ध नहीं हो पाते हैं। पर अब कुछ दवा कंपनीया जो इन फैक्टर को बनाती है, कंपनी सोशल रिस्पांसिबिलिटी (ष्टस्क्र) के द्वारा इन मरीजों के लिये फैक्टर 8 और फैक्टर 9 के इन्जेक्शन को मुफ्त में मुहैया कराया जाता है। इन मरीजों की संख्या कम होने के कारण ऑनलाईन पंजीयन कराने की उपयुक्त व्यवस्था अभी नहीं हो पाई है। साथ ही हिमोफिलिया सेंटर जैसी कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे इन मरीजों की जानकारी प्राप्त की जा सके।



## संपादकीय

# अद्भुत अनुभूति का साक्षी बना देश

मनुष्य जीवन में अद्भुत अनुभूति का साक्षी बनने का अवसर सदियों में एक बार आता है। वह बड़े भाग्यशाली होते हैं जो उस अद्भुत अनुभूति के साक्षी बनते हैं और उस पल को अनुभव कर पाते जो किसी देश व मनुष्य जीवन का अनुपम पल होता है। उस पल की अनुभूति को महसूस किया जा सकता है , महसूस करने के बाद किसी को बताया नहीं जा सकता कि वह पल कितना अनमोल था,वह पल कितना अद्भुत था। आदमी गूंगा जैसा हो जाता है, उसे पता है क्या अनुभव हुआ है लेकिन वह उसे शब्दो में बता नहीं पाता है। गूंगे को पता है कि गुड़ मीठा है लेकिन वह उस मिठास को शब्दों में कैसे बताए। उसे तो अनुभव किया जा सकता है, सिर्फ अनुभव किया जा सकता है। राममंदिर में राम लला के विग्रह में प्राण प्रतिष्टा का अवसर वह एक अद्भुत पल था, जिसे देश के लोग कभी भुला नहीं पाएंगे। उसके बाद राम लला के जन्मोत्सव पर उनसा सूर्य तिलक करना भी वैसा ही अनुभव रहा। रामलला का सूर्य तिलक देश के लोगों का राम लला का तिलक करना थ। जब वह घड़ी आई तो देश के हर व्यक्ति को लगा कि वही राम लला का सूर्य तिलक कर रहा है। उनके मस्तक से जब सूर्य किरणों की चमक बिखरी तो पूरा देश आलोकित हो गया। देश के जनजन का मन एक अद्भुत प्रकाश से भर सा गया। पूरा देश राममय हो गया और पूरा देश राम के साथ एक हो गया। कुछ लोगों के लिए यह कोई असाधारण घटना नहीं थी लेकिन करोड़ों लोगों के लिए तो यह असाधारण घटना थी, क्योंकि इस घटना के साक्षी बने लोगों को इस बात का अनुभव हुआ है, इस घड़ी में पूरा देश राममय हो गया है, पूरे देश की चेतना राम की चेतना हो गई है। राम ने पूरे देश को एक कर दिया है। राम पूरे देश को एक करने वाले हैं। वह जब भी हमारे सामने होते हैं तो पूरा देश एक हो जाता है। जहां राम हैं, वहां राम से अलग कोई नहीं हो सकता है। सब राम के हो जाते हैं। सब राममय हो जाता है। 2024 की रामनवमी हर साल की रामनवमी नहीं थी,यह ऐतिहासिक रामनवमी थी इसलिए इसे ऐतिहासिक रूप से मनाने की तेयारी अयोध्या में की गई थी और अयोध्या में जैसी रामनवमी इस बार मनाई गई वैसी पहले कभी मनाई नहीं गई थी,अयोध्या में अद्भूत रामनवमी मनाने लाखों लोग पहुंचे थे, उन्होंने रामनवमी पर राम लला क जन्मोत्वस मनाया वह बड़े पुण्य के भागी हैं। जो लोग अयोध्या नहीं जा सके वह टीवी के जरिए राम लला के अलौकिक जन्मोत्सव के साक्षी बने। यह देश का सबसे बड़ा उत्सव था जिसमें पूरा देश शामिल था। पीएम मोदी भी इस मौके पर रामलला के जन्मोत्सव को अपने मोबाइल पर देखा और लोगों से कहा कि वह भी अपने टीवी व मोबाइल के जरिए इस अद्भुत घटना के साक्षी बने। यानी हमेशा की तरह वह अद्भुत व ऐतिहासिक घटना के खुद भी साक्षी बने और करोड़ो लोगों को साक्षी बनने के लिए प्रेरित किया। पीएम मोदी चाहते को खुद भी इस मौके पर राम लला के मंदिर में मौजूद रह सकते थे ऐसा होता तो अयोध्या में उनकी सुरक्षा के लिए जो व्यवस्था की जाती उससे लाखों लोगों को परेशानी होती। इसलिए वे अयोध्या नहीं गए और जहां थे वहीं से अयोध्या से जुड़े और करोड़ो लोगों को भी जोड़ा। पीएम मोदी ने किसी को कहने का मौका नहीं दिया कि यह भाजपा का आयोजन है। यह राजनीतिक आयोजन है। पीएम मोदी राम लला के सूर्य तिलक को देश का उत्सव, देश के करोड़ो लोगों का उत्सव बनने दिया। इस मौके पर कुछ लोगों के हमेशा की तरह आलोचना की लेकिन राहुल गांधी व कांग्रेस की तरफ से कुछ भी ऐसा नहीं कहा गया जिससे उनकी आलोचना होती। राहुल गांधी ने अखिलेश यादव के साथ पत्रकार वार्ता कर देश के लोगों रामनवमी की शुभकामनाएं दी। शायद राहुल गांधी व अखलिश यादव को इस बात एहसास हो गया है कि राम के खिलाफ कुछ भी कहने का जनता पर तो बुरा असर पड़ता है, पार्टी के लोगों पर भी बुरा असर पड़ता है। राहुल गांधी व अखिलेश को यह वहम था कि पार्टी सेकुलर हो तो उसके नेता भी सेकुलर होते हैं लेकिन ऐसा नहीं होता है, सेकुलर पार्टी हो सकती है लेकिन व्यक्ति सेकुलर नहीं होता है, वह अपने धर्म का सम्मान करने वाला होता है। अपन संस्कृति का सम्मान करने वाला होता है।

किशन सनमुखदास भावनानी

चिंतन

# गुरुवर की आज्ञा पर सर्वस्व निशौवर करने वाले माता-पिता की अवज्ञा क्यों कर रहे



वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत माता की धरती पर माता-पिता को सर्वश्रेष्ठ गुरू मानने के अनेकों या यूं कहें कि अनगिनत उदाहरण से इतिहास भरा पड़ा है परंतु वर्तमान परिपेक्ष में मैं यह महसूस कर रहा हूं किसमाज का एक बहुत बड़ा तबका अपने जीवन शैली को परिवर्तित करने में मुस्तैद है।आदि-अनादि काल से हमारे भगवानों की पूजा अर्चना हो रही थी परंतु वर्तमान समय में उपवास पूजा अर्चना तो क्या उनकी तस्वीर भी हटा दी गई है और बहुत ही जोर-शोर से नए आधुनिक बाबाओ गुरुवारों की सेवा में मुस्तैद हो गए हैं।अलग अलग स्तरपर उनकी गुरु दीक्षा लेकर केवल उनके ही हो गए हैं।यहां तक कि अपने माता पिता का दर्जा भी अपने उस गुरुवार से कम कर दिया है।मैं देख रहा हूं कि आजकल उन भक्तगणों सेवकों के लिए अपने गुरुवर की आज्ञा सर्वोपरि हो गई है,उनपर सर्वस्व निषेश्वर कर देते हैं। जबकि अपने माता-पिता की अवज्ञा करने में बिल्कुल पीछे नहीं हटते उनका सम्मान की जगह अपमान करते हैं, उनके लिए अपने माता-पिता से भी बड़े गुरुवर हो गए हैं जो मेरा मानना है कि उचित नहीं है, मेरे माता-पिता ही सरोवर सर्वोपरि हैं,उसके बाद मेरे गुरुवर हैं। चूंकि शास्त्रों में भी आया है,माता गुरुतरा भूमेःपिता चोच्चत्रं च खात्।भावार्थ-माता पृथ्वी से भारी है।पिता आकाश से भी ऊँचा है।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे गुरुवर की आज्ञा पर सर्वस्व निशौवर करने वालों द्वारा अपने माता-पिता की अवज्ञा क्यों?

साथियों बात अगर हम माता पिता गुरुवर और ईश्वर अल्लाह को क्रमिक स्थान देने की करें तो,जन्म लेने के बाद बच्चे की प्रथम गुरु उसकी माता ही होती है जो उसे जीवन दान देने के साथ साथ अच्छे संस्कार भी देती है इसलिए प्रथम स्थान माता को देना चाहिए।जब बच्चा बड़ा होता है तो बहुत सी चीजों की जरूरत होती है जैसे स्कूल के लिए फीस, पढ़ने के लिए किताबें, तन ढकने के लिए वस्त्र इन सभी वस्तुओं को खरीदने के लिए अर्थ की जरूरत होती है जिसकी पूर्ति एक पिता ही कर सकता है तो दूसरा स्थान पिता को देना चाहिए।जब बच्चा बड़ा होकर स्कूल जाता है तो वहां उसके टीचर उसे बाहरी दुनियां से अवगत कराते हैं अच्छे और बुरे लोगो में भेद करना बताते हैं,पढ़ लिखकर क्या करना है? इन सारी दिन दुनियां की जानकारी एक गुरु देता है इस लिए गुरु का तीसरा स्थान होना चाहिए।लेकिन अगर हम अपने धर्म शास्त्रों में जब पढ़ते हैं तो वहां हमे यह पढ़ने को मिलता है कि गुरु का स्थान सबसे ऊपर होता है लेकिन उसमे यह नहीं बताया जाता है कि वह कौन सा गुरु है जिसका स्थान सर्वोपरि होता है? बेशक!! वह प्रथम गुरु माता ही होती है। लेकिन हम ज्ञान के अभाव में अपने धर्म ग्रंथों में लिखी गई पंक्तियों की सूक्ष्म व्याख्या नहीं कर पाते हैं।अगर माता न होती तो गुरु का शिष्य कहां से आता? वह किसकी बताता कि गोविंद, ईश्वर कौन है? जब जननी ने शिशु को जन्म दिया, पिता ने उसकी परवरिश करने में मदद की तब गुरु को एक शिष्य मिला।बेशक! एक बालक को आदर्शवादी बालक बनाने में गुरु का बहुत बहुत बड़ा योगदान होता है हम इससे पूरी तरह से सहमत हैं।चौथे स्थान पर हम ईश्वर को रखते हैं क्योंकि हमारे अच्छे बुरे कर्मों का लेखा जोखा वही रखता है। अंतिम निर्णय उसी का होता है। उसकी इज़ाजत के बिना पेड़ का एक पत्ता भी नहीं हिलता है। वह जब चाहें माता, पिता, गुरु और शिष्य को अपने पास बुला सकता है। हमारे माता-पिता जन्म दिए है और हमारे पालन पोषण सब क्या है हमारे जिंदगी माता पिता के ही दिए हुए हैं इसलिए सबसे महत्वपूर्ण बातें है की माता पिता ही ईश्वर हमारे है उन्हीं से सोच समझ और दुनिया देखने को मिलते हैं इसलिए प्रथम गुरु माता एवं पिता और गुरु ईश्वर का रूप होता है इसलिए माता-पिता भगवान से भी बढ़कर होते हैं और भगवान कहलाते हैं। साथियों बात अगर हम ईश्वर अल्लाह से माता-पिता का स्थान ऊंचा होने की करें तो, दुनियां में भगवान व गुरु का स्थान ऊपर है, मगर सबसे ऊपर है माता-पिता का स्थान। उसमें भी मां सर्वोपरि है। वेद ग्रंथों में उल्लिखित के अलावा तमाम उदाहरण हैं, जो मां को सबसे बड़ा बताते हैं। गणेश चरित्र का वर्णन करते हुए कहा गयाहै कि भगवान कार्तिकेय पृथ्वी की परिक्रमा करने चले जाते हैं। लेकिन गणेश जी माता पिता की परिक्रमा करते हैं। परिणाम गणेश जी विजयी होते हैं।यानें माता पिता का स्थान सर्वोपरि है। शास्त्र की व्याख्या कर कहते हैं कि शास्त्र कहता है कि सबसे बड़ा भगवान, उससे बड़ा गुरु, गुरु से बड़ा पिता तथा पिता से भी बड़ा है मां का स्थान है।रामायण के अध्याय का वर्णन करते कहा गया है कि भगवान श्रीराम सुबह उठकर पहले माता पिता फिर गुरु को माथा नवाते हैं।यानें माता पिता का स्थान सर्वोपरि है।

साथियों बात अगर हम आज की नई पीढ़ी की करें तो आज की औलाद अपने माता पिता से अधिक महत्व अपने श्रद्धेय बाबा, गुरु, आचार्य को दे रहे हैं, अपने घर से अधिक आध्यात्मिक स्थल पर सेवा को अधिक महत्व दे रहे हैं,अपने घर परिवार माता-पिता को तरसाकर अपने आध्यात्मिकता पर अधिक व्यय कर रहे हैं और बड़े रौब से कहते हैं, मैं फलाने आध्यात्मिक स्थल का संस्थापक सेवादार, भगवान ईश्वर अल्लाह का भगत हूं बंदा हूं। परंतु मेरा मानना है, ये कैसी आध्यात्मिक सेवा है? जो माता-पिता को बोझ और अनावश्यक श्रेणी में रखकर उनपर शाब्दिक कटु बाण चलाकर अपने आचार्य के सामने, अपने आध्यात्मिक स्थल पर तन-मन-धन से सेवा करते हैं। मेरा मानना है या तो पाप से भी बड़ा पाप है। इसलिए आज ज़रूरत है,हमारे श्रद्धेय आध्यात्मिक बाबाओं द्वारा अपने प्रवचनों में माता-पिता की सेवा सर्वश्रेष्ठ पर, बल देना समय की मांग है। हम पत्थर पूजते है, मंदिर जाते है, पूजा पाठ करवाते है, और वो सारी चीजे करते है जिससे हमें लगता है कि हमारा जीवन धन्य हो जाएगा लेकिन क्या हम जानते है कि ईश्वर अल्लाह हमारे पास हमेशा माता पिता के स्वरूप में होता है, बस जरूरत है उन्हें पहचाननें की। अपनी खुशियों का गला घोटकर हमारी सारी ख्वाहिश पुरी करने वाले माता पिता ही थे, जिन्होंने हमें इस समाज में जीने का अधिकार दिलाया। जब वे हमारे लिए इतना कुछ कर सकते है। तो क्या हम नही?,मेरा तो ये मानना है, माता-पिता के जीते जी उन्हें सारे सुख देना ही वास्तविक श्राद्ध है! आओ माँ बाप का सम्मान करें और उन्हें जीते जी खुश रखे।साथियों बात अगर हम माता पिता ही ईश्वर अल्लाह के तुल्य होने की करें तो, पदम पुराण में कहा गया है कि पिता धर्म है, पिता स्वर्ग है और पिता ही सबसे श्रेष्ठ तपस्या है। पिता के प्रसन्न हो जाने पर सम्पूर्ण देवता प्रसन्न हो जाते हैं। जिसकी सेवा और सद्गुणों से माता-पिता संतुष्ट रहते हैं, उस संतान को प्रतिदिन गंगा-स्नान का फल मिलता है। माता सर्वतीर्थमयी है और पिता सम्पूर्ण देवताओं का स्वरूप है। इसलिए सभी प्रकार से माता-पिता का पूजन अर्थात उनकी सेवा करनी चाहिए।वेद शास्त्रोंके अनुसार माता पिता भगवान के तुलाया है उनका सेवा करने का मतलब है ईश्वर अल्लाह की इबादत करना पूजा करना इसी लिए मेरे मत अनुसार माता पिता के सेवा से बढ़ाकर कोई भी पूजा शायद ही हो सकती है। साथियों बात अगर हम भक्ति साधना की करें तो,ऐसे नकली गुरुओं से बचकर रहें जो कि हमको कहे कि माता पिता को छोड़ दो और हमारी शरण में आजाओ।भक्ति साधना करने के लिए माता पिता को छोड़कर जाने की कोई जरूरत नहीं होती। साथ रहकर भी साधना की जा सकती है।हम भी तो गुरु पूजन, धूना पूजन, ईष्ट पूजन करते ही हैं। हम तो अपने माता पिता को अकेला छोड़कर कहीं नहीं गए।हां ये अवश्य है कि हमको अपनी साधना के लिए आसपास के एरिए में घर छोड़कर कुछ समय के लिए जाना ज़रूर पड़ता है, क्योंकि साधनाएं घर के अंदर, कमरे में बैठकर नहीं की जाती। क्या कारण है कि माता-पिता हमारे पहले गुरु की श्रेणी में आते हैं?माता पिता इसलिए पहली श्रेणी में आते हैं क्योंकि गुरु ज्ञान देता है। और ज्ञान से हम जीवन मे आगे बढ़ते हैं। ये ज्ञान हमे पहले माँ से मिलता हैं जब हम माँ के पेट में होते हैं तभी से ये ज्ञान देने की शुरवात होती हैं। उस वक्त माँ अच्छि किताबे पद्धति हैं । संगीत सुनती हैं। रोज टहलने जाती हैं ताकि हम स्वस्थ रहे। जब बाहर आते हैं तो ओ ही पूरी देखभाल करती हैं। अच्छा खाना देती हैं।तबएक डॉक्टर की तरह हमारी देखभाल करती हैं। सब टाइम पे। हमे चलना सिखाना। बोलना सीखाना इसमें माँ बाप का पहला लेसन होता हैं। हम बार बार चलते वक्त गिरते हैं तो वही सम्भलते भी हैं। बोलते वक्त कैसे शब्द उच्चारण करना ये सबसे पहले वही सिखाते हैं। अच्छा साफसुतरा ऱखते हैं। अच्छा रहने की सीख वही देते हैं। स्कूल में तो हम बादमे ये सब पढ़ते है लेकिन पहली सीख माँ बाप से ही मिलती हैं। और उनकी ये सीख बस यही तक खत्म नही होती । जीवन के हर रास्तो पे उनके अनुभव हमे हर मुश्किल का सामना करने की सिख देते है। जिंदगी जीने की सीख देते हैं।हर मुश्किल से बचाते है। जीवन की हर सिख किताबो से नही मिलती। इसलिए माँ बाप प्रथम श्रेणी में आते है।अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि माता गुरुतरा भूमेःपिता चोच्चत्रं च खात्।भावार्थ-माता पृथ्वी से भारी है।पिता आकाश से भी ऊँचा है।गुरुवर की आज्ञा पर सर्वस्व निशौवर करने वालों द्वारा अपने माता-पिता की अवज्ञा क्यों?श्रद्धेय गुरुवारों द्वारा अपनें शिष्यों को अपने माता-पिता की आज्ञा भाणे में रहने का मार्गदर्शन देना समय की मांग है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलें। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। व्यापारिक मामलों में जवाबदारी बढ़ सकती है।

**वृष राशि :** आज व्यवसाय में आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए सहकर्मी की मदद मिलेगी। कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। लवमेट कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे।

**मिथुन राशि :** आज कोई काम पूरा होने से आपको ख़ुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जाएगा। आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। लवमेट के साथ आपका दिन बेहतर गुजरेगा। आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। परिवार की सलाह आज आपके लिए फायदेमंद होगी। आज आपके कोई खास रिश्तेदार आपसे हेल्प लेंगे। आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगा रहेगा। परिवार के साथ किसी मंदिर में दर्शन करने जायेंगे। इस राशि के सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज पास की किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम पूरा हो जाएगा। किसी दोस्त से मिलने आप उसके घर जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न होंगे। आप किसी सोच-विचार में डूबे रह सकते हैं। आप नए लोगों के संपर्क में आने की कोशिश करेंगे, इससे आपको फायदा होगा।

**तुला राशि :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज काम में माता-पिता की हेल्प मिलने से वह जल्दी ही पूरा होगा। नेगेटिव विचारों से दूरी बनाएं रखें। आपको आज उधार के लेन देन से बचना चाहिए। आज आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन आज अच्छा रहेगा। आप समाज सेवा से जुड़कर अच्छे कामों को गति देंगे। आपके सरकारी नौकरी में चयनित होने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन रोज की अपेक्षा लाभ देने वाला रहेगा। आपकी मुलाकात आज अपने बचपन के मित्र से होंगी। साथ ही बचपन की यादें ताजा हो जाएगी। आपका रुका हुआ कार्य आज पूरा होगा। इस राशि के जो युवा खेल कूद में इंटरेस्ट रखते है, उनका दिन आज अच्छा रहेगा। कोई शुभ समाचार मिलने से घर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**धनु राशि :** आपके लिए दिन शुभ कहा जा सकता है। आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे। कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। धैर्य और विनम्रता रखें। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत हो सकती है, इससे आपको अच्छा समाधान भी मिल सकता है।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है। धैर्य और समझदारी रखें। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढने की कोशिश करेंगे। आज किसी कठिन काम को मेहनत, धैर्य और समझदारी से निपटा लेंगे। आज आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। संतान, परिवार के सदस्य और दोस्तों के साथ समय बीत सकता है।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा है। ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है इसमें आपको सफलता मिलेगी। काम पूरे होने के योग हैं। आज आप करियर में सक्सेस होने के लिए प्लानिंग करेंगे जिसका फायदा आपको आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। आपको आज नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। पैसों की स्थिति में सुधार होने के योग हैं। कोई व्यक्ति कार्यक्षेत्र या बिजनेस में चुनौती दे तो धैर्य पूर्वक काम लें।

## व्यंग्य

# अंतर्मन का भाषण

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

एक मंत्री जी अपने जीवन की अंतिम साँसें गिन रहे थे। उनके पास अधिक समय नहीं था। सो उन्होंने अपने लड़के को पास बुलाया और कहा – "मुझे नहीं पता कि मैं और कितनी देर जी पाऊँगा। मैं चंद पलों का मेहमान हूँ। तुमने मेरे कई भाषण सुने हैं। ये सभी बाहरी भाषण हैं। इन्हें हर कोई सुन सकता है। लेकिन मैं तुम्हें आज एक भाषण सुनाऊँगा जो तुम्हें बाहर नहीं अपने अंतर्मन में हमेशा दोहराना होगा। यदि तुम इस भाषण का गूढ़ार्थ समझ गए तो तुम्हें किसी चीज़ की कमी नहीं खटकेगी। सफलता तुम्हारे क़दम चूमेगी। तो ध्यान से सुनो – भाइयो और बहनो! मैं सबको हाथ जोड़कर सिर झुकाए प्रणाम करता हूँ। आपको पता है कि मेरे पिता ने किस तरह विश्वास दिलाकर, वोट हथियाकर, विधायक बने, फिर मंत्री बनकर करोड़ो रुपए डकार गए। आपको भनक तक नहीं लगने दी। दूधमुँहे बच्चों के दूध से लेकर पूँजीपतियों को ज़मीन मंजूर करने तक की हर स्कीम में एक से बढ़कर एक स्कैम किए, इन स्कैमों के चलते जो नाम कमाया है, वह किसी से छिपा नहीं है। उनका नाम टाइप करने भर से गूगल का सर्च इंजन काँपने लगता है। धरती फटने लगती है। उसी फटी धरती में खुद धरती माँ समाने के लिए मचलने लगती है। सरकार ने मेरे पिता को एक सौ करोड़ रुपए देकर गरीबों के लिए घर बनाने को कहा तो उन्होंने आपको झुग्गी-झोपड़ियाँ बनाकर दी। अब आप पूछेंगे कि वे सौ करोड़ रुपए कहाँ गए, तो मैं उसका पूरा हिसाब लेकर आया हूँ। तो सुनिए, पचास करोड़ में हमारे लिए दिल्ली में सभी ऐशो-आराम वाला गेस्ट हाऊस बनवाया। शेष बचे रुपयों से अपनी रखैल के लिए शॉपिंग मॉल बनवाया। आप लोगों से आऊटर रिंग रोड के नाम पर खेती करने वाली ज़मीनें छीनकर प्राइवेट कंपनियों के मालिकों को बेच डाला। इतना सब करने के बावजूद किसी ने मेरे पिता को भ्रष्टाचारी कहने की हिम्मत नहीं की। न जाने कितनी हत्याएँ कीं, बलात्कार किए, ज़मीन हड़पी लेकिन किसी ने चूँ तक नहीं की। बल्कि उनके लिए आप विरोधियों से लड़ गए। चुनाव के समय एक दारू की बोतल, बिरयानी पैकट और एक हरी पत्ती फेंकने पर कुत्तों से भी अधिक दुम हिलाकर विश्वास दिखाने वाली आपकी कला पर हमें गर्व है। मेरे देशवासियों चिंता मत कीजिए। पिता जी नहीं रहे तो क्या हुआ, मैं तो हूँ न। मेरे पिता द्वारा स्थापित कीर्तिमान को साक्षी मानते हुए मैं आपसे प्रण करता हूँ कि अंतरिक्ष में जितने तारे हैं, मैं उनसे भी ज्यादा स्कैम करूँगा। मैं अपने पिता को किसी भी सूरत में निराश नहीं होने दूँगा। उन्होंने आपके लिए कम से कम झुग्गी-झोपड़ियाँ तो बनवाईं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि आपकी झुग्गी-झोपड़ियाँ नेस्तनाबूद करके आप सभी को मंदिरों की चौखट पर भीख माँगने के लिए मजबूर कर दूँगा। मेरे पिता जी ने आऊटर रिंग रोड के नाम पर आपकी आधी ज़मीनें छीन लीं। मैं उन्हीं का बेटा हूँ। मुझमें उन्हीं का असली खून दौड़ता है। मैं बिना हड़पे कैसे रह पाऊँगा। मैं एयरपोर्ट के नाम पे झूठा वादा करके बाकी बची ज़मीनें भी छीन लूँगा। सोचिए देशवासियों मैं यह सब आपको क्यों बता रहा हूँ। इसलिए कि मैंने आप जैसी मूरख जनता कहीं नहीं देखी है। मेरे पिता ने लाख स्कैम किए, बलात्कार किए, हत्याएँ कीं, फिर भी आप उन्हें जिताते रहे। जब तक आप जैसे भेड़ हैं तब तक मुझ जैसे लकड़बग्घों का चुनाव में खड़ा होना ज़रूरी है। मुझे और मेरे परिवार को पता चल गया है कि आपमें शर्म-हया नाम की चीज़ नहीं बची है। मैं आपके खून-पसीने की कमाई से विदेश में महंगी पढ़ाई के साथ-साथ मौज मस्ती करता रहा और आप थे कि अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने के लिए भी तरस गए। मेरे पिता अक्सर कहा करते थे कि मूरख जनता को मूरख न बनाना हमारी मूरखता होगी। उन्होंने कहा था कि नेता के पेट से नेता और गरीब के पेट से गरीब ही पैदा होता है। विधायक से मंत्री बनना मेरे पिता का खानदानी बिजनेस है। मैं उसी बिजनेस की परंपरा निभा रहा हूँ। इस बार मैं चुनाव में खड़ा हूँ। विश्वास है कि बगैर बुद्धिमानी दिखाए अपनी मूरखता से मुझे अवश्य विजयी बनाओगे। मूरखता दिखाना आपकी खानदानी आदत है तो उसे भुनाना हमारी। मैं विश्वास दिलाता हूँ कि यह परंपरा यहाँ नहीं रुकेगी। आज मैं जीतूँगा तो कल मेरा बेटा जीतेगा। आज मैं विधायक बनूँगा तो कल मेरा बेटा विधायक बनेगा। आज मैं मंत्री बनूँगा तो कल मेरा बेटा मंत्री बनेगा। और आप पहले भी भेड़ थे, आज भी भेड़ हैं और आगे भी भेड़ रहेंगे।" इतना कहते हुए मंत्री जी ने दम तोड़ दिया।

गंभीर मुद्दा

संजीव ठाकुर

# शिशु,स्त्री संरक्षण परम आवश्यक

भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश है। भारत की जनसंख्या में पुरुषों के साथ-साथ की स्त्रियों तथा बच्चों की भी जनसंख्या भी बहुत ज्यादा है। देश में स्त्री शोषण तथा बाल अत्याचार की विविधता और धार्मिक कट्टरता को देखते हुए नारियों को शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है, विशेष तौर पर स्त्री तथा बच्चों को बुनियादी शिक्षा तथा साक्षरता की महती आवश्यकता देश में महसूस की जा रही है। स्त्रियां अपने परिवार ,घर और समाज की देखरेख करती हैं अतः उनका शिक्षित होना बहुत ज्यादा आवश्यक भी है, बच्चे देश का भविष्य है अतः उनका शिक्षित होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना किसी भी देश के एक सफल नागरिक को होना चाहिए। स्त्री शिक्षित होंगी तो स्वयं और अपने परिवार को अच्छे बुरे और असामाजिक घटनाओं से सचेत रहने की शिक्षा भी दे सकती हैं जिससे एक सामाजिक परिवर्तन एवं सामाजिक आंदोलन की महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि को तैयार किया जा सकता है। भारत में चाहे विकास की बात हो, सार्वभौमिकता की बात हो,सत्य, अहिंसा की बात हो या बात करोना संक्रमण से बचने की हो,हमें शिक्षा एवं व्यापक साक्षरता की महती आवश्यकता है। जिस तरह जल के बिना जीवन नहीं होता है,उसी तरह साक्षरता और शिक्षा के बगैर मनुष्य का जीवन निरर्थक है। अशिक्षित आदमी ना तो अपने परिवार ना ही समाज के लिए उपयोगी हो सकता है। इसके लिए सबसे पहले हमें स्त्रियों की शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को समझना होगा। शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैं। शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है। जिसके अंतर्गत पढ़ना,लिखना, समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है। साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना से इसका कोई संबंध नहीं रह जाता है। साक्षरता सदैव रोजगार मूलक तथ्यों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है। शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती है। ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है। सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में है। ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो



सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाए। शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है। वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण है। महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है।

परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता है। पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता है। पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी,साहस की भावना को परिष्कृत करती है। ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता है। अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं,कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार,लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है। यह माना जाता है जिस व्यक्ति के पास अच्छी नौकरी अच्छा पद और मोटी मोटी तनख्वाह है, उसका समाज ज्यादा ही सम्मान करने लगता है। इन्हीं कारणों से समाज मूल्य तथा संस्कृति के विकास को दरकिनार कर रोजगार मूलक साक्षरता को ही आज वरीयता देता है। और समाज उसे सिर आंखों पर बिठा के रखता है।

इससे समाज के दीर्घकालिक सांस्कृतिक मूल्यों का हनन होता है, एवं क्षति भी होती है। और इस प्रक्रिया में साक्षरता पक्ष होने के कारण रोजगार साधन बन जाते हैं। एवं साधनों की परवाह न कर इसकी खुली अवहेलना हो लोग करने लगे हैं ,और इसी कारण शिक्षा के क्षेत्र में नकल, फर्जीवाड़े,धन देकर नौकरी प्राप्त करना आदि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। साक्षर तो घोटालेबाज केतन पारेख हर्षद मेहता एवं कुख्यात आतंकवादी ओसामा बिन लादेन भी थे, किंतु इनकी शिक्षा की सार्थकता समाज द्वारा सदैव नापसंद की गई एवं समाज इन्हें हेय दृष्टि से देखने लगा है।


आज के संदर्भ में ऐसी शिक्षा या साक्षरता की आवश्यकता है, जो मानव जीवन में मूल्यों का विकास एवं मूल्यों की प्रतिबद्धता विकसित कर सके। जिससे समाजिक गिरते मूल्यों तथा विरासत की अवहेलना ना हो सके। बिना मूल्यों के बिना संस्कृतिक विचारधारा के साक्षर होना ठीक उसी तरह है जैसे किसी बंदर के हाथ में बंदूक या उस्तरा देना है। हमें आज नैतिक साक्षरता देने की आवश्यकता होगी, जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास विरासत की रक्षा तथा मानवीय संवेदनाओं का संपुट हो, जो व्यक्ति को एक अच्छा इंसान बना सकें।

छत्तीसगढ के बस्तर संसदीय सीट पर आज हुआ मतदान

# लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के लिए दिखा बड़ा उत्साह

- जिले के 273 मतदान केंद्रो में वोट डालेंगे 1 लाख 89 हजार 206 मतदाता
- दोपहर 1 बजे तक 45.86प्रतिशत हुआ मतदान
- सांसद बनने बस्तर से 11 प्रत्याशी हैं मैदान में.
- विधायक चैतराम ने परिवार समेत गृहग्राम कासोली में किया मतदान
- चिलचिलाती धूप में भी लोग घरों से निकलकर पहुच रहे मतदान केंद्र
- मतदान केंद्रों पर पानी, छांव एवं बैठने की रही समुचित व्यवस्था







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 19 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण के तहत आज देश के 21 राज्यों के 102 सीटों पर वोटिंग हो रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के 11 में से मात्र 1 सीट बस्तर लोकसभा सीट के लिए आज मतदान चल रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के चलते बस्तर में चुनाव आयोग के सुरक्षा के एहतियातन पहले चरण में मतदान करने का फैसला लिया था जिसके तहत आज सुबह 7 बजे से लोग अपने अपने नजदीकी बूथों पर पहुंचकर मतदान कर रहे हैं। मतदान शाम 3 बजे तक चलेगा। बस्तर संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं मुख्य मुकाबला भाजपा के महेश कश्यप एवं कांग्रेस के कवासी लखमा के बीच होना माना जा रहा है। दोपहर 1 बजे तक दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 45.86 प्रतिशत मतदान होने की सूचना निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी की गई है।दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा सीट की बात करें तो जिले में कुल 273 मतदान केंद्र हैं जिनमें करीब 1 लाख 89 हजार मतदाता अपने मतदान का उपयोग करेंगे। गर्मी अपने पूरे शबाब पर है प्रचंड गर्मी के चलते ज्यादातर मतदाता सुबह सुबह ही बूथों पर पहुंच गए थे। सुबह 8 बजे से 10 बजे तक शहरी क्षेत्रों के बूथों पर लंबी लंबी कतारें लग गई थी। सुबह 11 बजे के बाद शहरी बूथों पर भीड़ काफी कम हो गई थी मतदाता बड़े आराम से आकर बूथों पर वोट डाल जाते रहे। वहीं ग्रामीण इलाकों की बात करें तो अंदर के कई मतदान केंद्रों में कतारें देखने को मिली। मगर यहां भी वो नजारा देखने को नहीं मिला जो अमूमन विधानसभा चुनाव के दौरान देखने को मिलता रहा है। महुआ का सीजन होने से ज्यादातर गामीण सुबह से ही जंगलों में महुआ बिनने चले जाते हैं इस कारण भी अंदरूनी क्षेत्रों में कई बूथों पर भीड कम दिख रही है। वहीं कई लोग वोट करना चाहते हैं मगर कडक धूप एवं बेतहाशा गर्मी के चलते घरों से निकल नहीं पा रहे यह भी एक मुख्य वजह है कि बूथों पर वो रस नहीं दिख रहा जो अमूमन चुनावों में देखने को मिलता था। ऐसा भी नहीं कि हर बूथ पर भीड़ गम रही। गीदम, कुआकोंडा ब्लाक के कई अंदरूनी मतदान केंद्रों में जबरस्त भीड़ देखने को मिली है। गीदम के आसपास के मतदान केंद्रों में भी लंबी लंबी कतारें देखी गई है। दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने अपने परिवारजनों के साथ सुबह 9 बजे अपने गृहग्राम कासोली के बूथ क्रमांक 47 मंझारपारा कासोली बूथ पहुंचकर मतदान किया। मतदान कर चैतराम ने अपने क्षेत्र की जनता को कहा कि सभी लोग अपने घरों से निकलें और इस महापर्व में हिस्सेदारी अवश्य निभाएं, मतदान अवश्य करें और एक जिम्मेदार नागरिक होने का कर्त्तव्य निभाएं। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदान केंद्रों पर पीने के लिए स्वच्छ पानी, छांव, शेड एवं बैठने के लिए कुर्सी आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी। दिव्यांग मतदाताओं को लाइनों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं थी दिव्यांग एवं बुज़ुर्ग मतदाता बिना किसी परेशानी के बूथों पर मतदान कर सकें इसके लिए भी पूरी व्यवस्था चुनाव अधिकारियों की ओर से की गई थी। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील केंद्रों में सुरक्षा के चाक चौबंध प्रबंध किए गए हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की तगड़ी व्यवस्था की गई है। लोग बेखौफ होकर घरों से निकलकर वोट करते देखे गए। 273 पोलिंग बूथ में से 155 अतिसंवेदनशील, 67 संवेदनशील, 51 सामान्य एवं 31 क्रिटिकल मतदान केंद्रों की श्रेणी में रखे गए हैं। दोपहर 12 बजे तक बस्तर संसदीय क्षेत्र के किसी भी क्षेत्र से किसी भी प्रकार की हिंसा या चुनाव बाधित होने या ईवीएम मशीन खराब होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई थी। दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव की प्रक्रिया चल रही है।

**कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं एसपी गौरव राय ने चितालंका बूथ पर किया मतदान-** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने चितालंका के बारसापारा के मतदान केंद्र क्रमांक 88 में पहुंच कर मतदान किया है। कलेक्टर एवं एसपी ने बकायदा लाइनों में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इसके साथ ही सेल्फी जोन में खडे होकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने सेल्फी भी खिंचवाई। मतदान के बाद स्याही लगी उंगलियों ने दिखाते हुए जिले के दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने जनता से अपील करते कहा है कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर जिले के सभी मतदाताओं को अपने घरों से निकलकर अपने अपने नजदीकी मतदान केंद्रों पर जाकर अवश्य ही मतदान करना चाहिए क्योंकि यही हमारी देश की खूबसूरती है। देश ने संवैधानिक प्रक्रिया हमें दी है जिसका उपयोग चुनाव में वोट डालकर सभी को करना चाहिए। कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में सभी की भागीदारी जरूरी है। विकसित एवं सशक्त भारत के निर्माण में मतदान आवश्यक है । दोनो वरिष्ठ अधिकारियों ने आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी किया।

## एक नजर

### दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मिलेगी नि:शुल्क परिवहन की सुविधा

**कांकेर, 19 अप्रैल ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान मतदान दिवस 26 अप्रैल को दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए नि:शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके तहत दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान के पश्चात वापस उन्हें घर तक छोड़ने हेतु नि:शुल्क वाहन 'दिव्यांग रथ' की व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिले के सभी नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों (80 से अधिक आयु वर्ग) का चिन्हांकन किया गया है। मतदाताओं की मांग अनुसार मतदान दिवस 26 अप्रैल को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक पहुंचाने तथा मतदान पश्चात् वापस आवास स्थल तक पहुंचाने के लिए नि:शुल्क वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि जिले के ऐसे दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाता जो मतदान केन्द्र तक पहुंचने में असमर्थ हैं, वे नि:शुल्क परिवहन की सुविधा हेतु वाहन बुक करने के लिए टोल फ्री नंबर 1950 में कॉल कर सकते हैं।

### 1 जून तक प्रतिबंधित रहेगा निर्वाचन संबंधी मत सर्वेक्षण

**कांकेर, 19 अप्रैल।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में मतदान सम्पन्न होगा तथा 04 जून को एक साथ मतगणना सम्पन्न होगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का निर्गम मत सर्वेक्षण (एग्जिट पोल) नहीं करेगा। लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए आयोग द्वारा शुक्रवार 19 अप्रैल को पूर्वान्ह 07 बजे से 01 जून 2024 दिन शनिवार को शाम 6.30 बजे के बीच की अवधि को ऐसी अवधि के रूप में अधिसूचित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने बताया कि इस दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क में यह विनिर्दिष्ट किया गया है कि ''कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का निर्गम मत (एक्जिट पोल) सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा।'' साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126(1) (ख) के अधीन निर्वाचन से संबंधित ''मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा।

### विकास के भविष्य पर दांव लगाएं, सही उम्मीदवार को हमेशा चुनाव जिताएं का संदेश देते निकाली गई रैली

**धमतरी 19 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गाधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में अनेक स्वीप गतिविधियां चलाई जा रहीं हैं। इसी कड़ी में आज जननी सेवा संस्थान अर्जुनी, छ.ग. योग आयोग एवं वरिष्ठ नागरिक सेवा केन्द्र द्वारा विकास के भविष्य पर दांव लगाएं सही उम्मीदवार को हमेशा चुनाव जिताएं का संदेश देते हुए रैली निकाली गई।

## नक्सलियों की भाषा बोल रहे हैं कवासी लखमा:देवलाल ठाकुर

### ठाकुर ने कांग्रेसी विचारों को बताया खतरनाक



**जगदलपुर, 19 अप्रैल।** दल्लीराजहरा पूर्व आबकारी मंत्री एवं बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के बयानों को लेकर बीजेपी के प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कांग्रेस की जमकर बखिया उधेड़ी। उन्होंने कांग्रेस की विचारधारा को देश के लिए खतरनाक बताते हुए कहा कि इस लोकसभा चुनाव में ऐसी आततायी विचारधारा को मतदाता कुचल कर रख देंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता देवलाल ठाकुर बुधवार को कुछ पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता हिंसक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, ग्रामीणों को पुलिस के खिलाफ हथियार उठाने के लिए उकसा रहे हैं, हमारे प्रधानमंत्री के लिए बुरी कामनाएं कर रहे हैं। कांग्रेस नेता डॉ. चरण दास महंत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिर डंडे से फोड़ने की बात कह चुके हैं। इससे पहले उनके बड़े नेता राहुल गांधी भी मोदीजी को डंडे मारने की बात कह चुके हैं, राहुल गांधी की माताजी सोनिया गांधी उस यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मौत का सौदागर कह चुकी हैं, जिन्हें पूरी दुनिया शांतिदूत मानती है और सम्मान देती है। जिस मोदी जी ने मां भरती का पूरे विश्व में गौरव बढ़ाया है, उस विकास पुरुष को गाली देने वाले कांग्रेस नेताओं का राजनैतिक अस्तित्व जल्द मिट जाएगा। भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा को भी आड़े हाथों लेते हुए कवासी लखमा की नक्सलियों से सांठगांठ का आरोप लगाया है।ठाकुर ने कहा है कि कवासी लखमा ने अपनी चुनावी सभा में ग्रामीणों को पुलिस के खिलाफ भड़काते और हिंसक कदम उठाने के लिए कहते नजर आए हैं। लखमा ने कहा था कि पुलिस वालों को तीर धनुष निकाल कर मार भगाओ। लखमा नक्सलियों की भाषा बोलते हैं। क्योंकि नक्सली भी यही कहते हैं। इससे जाहिर होता है कि कवासी लखमा और नक्सलियों के बीच सांठगांठ है। देवलाल ठाकुर ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी नक्सल प्रभावित इलाकों में रोड कनेक्टीविटी बढ़ा कर आदिवासी बाहुल्य गांवों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने और शांति स्थापित करने का काम कर रहे हैं। मोदी जी के नेतृत्व में देश की अर्थ व्यवस्था मजबूत हो चुकी है भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। मोदी जी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। यह बात कांग्रेस को हजम नहीं हो रहे हैं और उसके नेता अनाप शनाप बयानबाजी पर उतर आए हैं। इसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा।

## होम वोटिंग कराने भागबती के घर पहुंचे कलेक्टर मलिक

**महासमुंद 19 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। जिसमें 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान दलों द्वारा घर जाकर मतदान कराया जा रहा है। आज जिले में होम वोटिंग कराई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने स्वयं मतदाता के घर जाकर होम वोटिंग की प्रक्रिया का जायजा लिया और स्थानीय कौशिक कालोनी निवासी 85 वर्षीय वृद्ध श्रीमती भागबती बांधे का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने मतदान दल अधिकारियों से चर्चा करते हुए पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली। श्रीमती भागबती ने कलेक्टर को बताया कि वे घर में वोटिंग की सुविधा के लिए बेहद खुश है। उनके परिजनों ने बताया कि उम्र के इस पड़ाव में लाइन में खड़ा होकर वोट देना दुष्कर कार्य रहता था। लेकिन निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई इस सुविधा से घर बैठे वोटिंग हो गई। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री उमेश साहू, मतदान दल और बीएलओ भी मौजूद थे।

## पलायन कर चुके मतदाताओं हेतु घर आजा संगी अभियान

**कांकेर, 19 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत दूसरे चरण में कांकेर लोकसभा क्षेत्र का मतदान 26 अप्रैल 2024 को सम्पन्न होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत जिले से पलायन कर दूसरे शहर में निवासरत तथा राज्य से बाहर गए मतदाताओं के लिए विशेष अभियान ÷घर आजा संगी÷ प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत जिले से पलायन करने वाले सभी मतदाताओं के लिए एक व्हाटसएप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें बीएलओ के माध्यम से पलायन करने वाले मतदाताओं से (मोबाइल नम्बर 7389562231 के माध्यम से) सीधे सम्पर्क करते हुए 26 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक की अवधि में उपस्थित होकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

## न्यायिक आवासीय कॉलोनी राज्य के लिए बने मिसाल : चीफ जस्टिस सिन्हा

**कोरबा, 19 अप्रैल ।** किसी भी जिले में न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये सर्वसुविधायुक्त रहवासी कॉलोनी उत्साहवर्धक एवं नयी उर्जा का संचार करने वाली होती है, जिससे उनके कार्यकुशलता में और दक्षता में वृद्धि होती है, जिले की नई कॉलोनी ऐसी बने जो रा'य के लिये एक मिसाल साबित हो, उक्त बातें छत्तीसगढ़ उ'च न्यायालय मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री रमेश सिन्हा के द्वारा न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारीगण के लिये आवासीय कॉलोनी के वर्चुअल भूमिपूजन एवं शिलान्यास के अवसर पर कही।

चीफ जस्टिस श्री सिन्हा ने आवास गृह निर्माण के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि न्यायालयों को बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए काम किया जा रहा है और इसके लिए पहल भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि हमें रा'य के न्यायालयों में काम करने का बेहतर माहौल प्रदान करना है। यह परियोजना न्यायिक अधिकारी-कर्मचारियों के लिए आवास प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ताकि आवास प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों और इंजीनियरों को इस परियोजना को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा पर पूरा करने के निर्देश दिए। श्री सिन्हा ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए न्यायालयीन अधिकारियों को भी इस परियोजना की सतत् निगरानी रखने के लिए भी कहा।भूमि पूजन एवं आधारशिला के कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ उ'च न्यायालय एवं पोर्टफोलियो जज श्री गौतम भादुड़ी, द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि आवास मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है, चीफजस्टिस के द्वारा सभी जिलों के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जिला न्यायालयों में आवास की कमी है। न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी को सर्वसुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराये जाने पर उनके कार्य में कुशलता होगी वे किसी मानसिक दवाब के अ'छे से अ'छा कार्य तत्परता से करेगें।गौरतलब है कि न्यायिक अधिकारी-कर्मचारियों के लिये न्यायिक आवासीय परिसर रामपुर कोरबा में आवासीय परिसर का निमार्ण एवं कटघोरा में आवासीय कॉलोनी का निर्माण किया गया है। जिसका छत्तीसगढ़ उ'च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा एवं न्यायाधिपति श्री गौतम भादुड़ी, पोर्टफोलियो जज कोरबा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, द्वारा मुख्य न्यायाधिपति और पोर्टफोलियो जज का स्वागत करते हुए कोरबा जिला को नई सर्वसुविधायुक्त रहवासी कॉलोनी की सौगात देने के लिए स्वागत किया गया।

उक्त अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, श्री जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश, एट्रोसिटी एक्ट, कोरबा, अपर सत्र न्यायाधीश, श्रीमती गरिमा शर्मा, श्री अश्वनी कुमार चतुर्वेदी, श्रीमती 'योति अग्रवाल, श्री विक्रम प्रताप चन्द्रा, श्री कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा प्रताप चन्द्रा, श्री सत्यानंद प्रसाद, श्रीमती प्रतिक्षा अग्रवाल, श्रीमती ॠचा यादव, कु. डिम्पल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के उपाध्यक्ष श्री अनिस सक्सेना, सचिव श्री नूतन सिंह ठाकुर, अधिवक्तागण श्री अमरनाथ कौशिक, मानसिंह यादव, मीनू त्रिवेदी, प्रशासनिक अधिकारी श्री पी.के. देवांगन, न्यायालय उपाधीक्षक, श्री अनिल कुमार पटेल, लेखापाल एवं जिला न्यायालय कोरबा के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुये।

### लोकसभा निर्वाचन 2024 :14 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन दाखिल

**कोरबा, 19 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 04 कोरबा के लिए 14 अभ्यर्थियों ने जिला कार्यालय पहुंचकर नाम निर्देशन पत्र जमा किया। जिसके अंतर्गत श्री प्रताप सिंह भानु, निर्दलीय, श्री पालन सिंह, निर्दलीय, श्री सोबरन सिंह सैमा, निर्दलीय, श्रीमती रेखा तिवारी, छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी, सुश्री प्रियंका पटेल, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अंबेडकर, सुश्री सरोज पाण्डेय, भारतीय जनता पार्टी, श्रीमती शांति बाई मरावी, निर्दलीय, श्री केवल भारती गोस्वामी, निर्दलीय, श्री श्याम सिंह मरकाम, गोंगपा, श्री राजेश पाण्डेय, निर्दलीय, दिलीप मिरी निर्दलीय, सुशील विश्वकर्मा, भारतीय जनता सेक्युलर पार्टी, श्री जयचंद्र सोनपाकर, निर्दलीय एवं कमाल खान, निर्दलीय शामिल हैं।

नामांकन पत्र क्रय करने के क्रम में आज कुल 1× अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र क्रय किया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम

कोरबा, 19 अप्रैल । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन के मतदान हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत ग्राम दोंदरो में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली बनाई गई। इसके साथ ही महिलाओं के द्वारा सामूहिक मतदान शपथ ली गई तथा गांव में मतदान जागरूकता रैली निकालकर मजबूत लोकतंत्र बनाने का संदेश दिया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत कर्रानवापारा में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान करके मजबूत लोकतंत्र बनाने का संदेश दिया गया। शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार की छात्राओं द्वारा दीवारों पर नारा लेखन किया गया। इसके साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदाताओं की भूमिका को आवश्यक बताया गया।

## अपने जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए कांग्रेस की सरकार चुनें

**कोरबा, 19 अप्रैल ।** कोरबा लोकसभा की सांसद व प्रत्याशी 'योत्सना चरणदास महंत ने संसदीय क्षेत्र के पाली-तानाखार विधानसभा अंतर्गत विभिन्न गांवों का दौरा व जनसंपर्क किया। गांवों में उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि सर्वांगीण विकास और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए इस बार केन्द्र में कांग्रेस की सरकार चुनकर लाना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा फिर से आई तो आदिवासियों की जमीन छीन ली जाएगी और अडाणी कोयला खोदेंगे। अदाणी-अंबानी से बचना है, अपने अधिकारों के लिए लडना है, जल-जंगल-जमीन की रक्षा करना है तो कांग्रेस की सरकार बनाना होगा। सांसद ने कहा कि आज युवा पढ़-लिखकर, डिप्लोमा लेकर खाली बैठे हैं और 10 साल से केन्द्र की सरकार इन्हें नौकरी नहीं दे सकी। कांग्रेस ने तय किया है कि सरकार बनने पर डिप्लोमाधारी युवाओं को ट्रेनिंग देंगे और साल का एक लाख रुपए भी मिलेगा और ट्रेनिंग के बाद पहली पक्की नौकरी दी जाएगी। युवाओं को उद्यम से जोडने के लिए अकेले कोरबा जिले को 5 हजार करोड़ रुपए मिलेंगे जिससे उनके रोजगार को बढ़ाने का अवसर मिलेगा। सांसद ने कांग्रेस के न्याय पत्र के बारे में बताया कि किसान, मजदूर, महिला, बेरोजगारों को न्याय देने के लिए राहुल गांधी ने न्याय पत्र तैयार किया है। देशभर के मनरेगा मजदूरों को 400 रुपए मजदूरी के साथ जीवन बीमा का भी लाभ दिया जाएगा। किसानों को कर्ज माफी के साथ-साथ जीएसटी मुक्त खरीदारी का लाभ मिलेगा और प्राकृतिक आपदा से फसल की नुकसानी पर ×0 दिन के भीतर मुआवजा देंगे। सांसद के तानाखार विधानसभा के ग्राम लैंगा, सेमरा, तानाखार, ढेलुवा, पथरीडांड, पंडरीपानी, बाघिनडांड, चंद्रौटी, खोडरी, कुम्हारीसानी में जनसंपर्क के दौरान पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा सहित बचन साय कोर्राम, मनोज चैहान, डॉ. बिंझवार, श्री आयाम, जीवन सिंह पोर्ते, भुजबल सिंह, अशोक कुमाार आर्मो, आनंद मित्तल के अलावा स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण भी उपस्थित रहे।

### अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान अवश्य करें, लोकतंत्र को मजबूत बनाएं

**कोरबा, 19 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री संबित मिश्रा व निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में संचालित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत नगर पालिक निगम कोरबा की स्व'छता दीदियॉ डोर-टू-डोर पहुंचकर मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग कर अनिवार्य रूप से मतदान करने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आग्रह कर रही हैं, वहीं निगम द्वारा ई-रिक्शा व अन्य वाहनों के माध्यम से अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश मतदाताओं तक पहुंचाया जा रहा है। यहॉ उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 की अन्य तैयारियों के साथ-साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संबित मिश्रा एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम निरंतर रूप से आयोजित हो रहे हैं तथा विभिन्न माध्यमों से लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इन्ही कार्यक्रमों की कड़ी में नगर पालिक निगम कोरबा की स्व'छता दीदियॉ डोर-टू-डोर पहुंचकर मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग कर अनिवार्य रूप से मतदान करने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आग्रह कर रही हैं, वहीं निगम द्वारा ई-रिक्शा व अन्य वाहनों के माध्यम से अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश मतदाताओं तक पहुंचाया जा रहा है। मतदान हेतु जागरूक करने 58 दलों का गठन - कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्र. 21 कोरबा के ऐसे मतदान केन्द्रों में जहॉ 70 प्रतिशत से कम मतदान हुए थे,

## चुनाव प्रचार करना पड़ा भारी, शिक्षक और पंचायत सचिव सस्पेंड

**बीजापुर, 19 अप्रैल ।** राजनीतिक पार्टी का प्रचार करने वाले दो कर्मचारियों को कलेक्टर ने सस्पेंड कर दिया है। ये पूरा मामला बीजापुर का है और ये कार्रवाई बीजापुर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा की गई है। प्रकाश कुमार ठाकुर सहायक ग्रेड-× जनपद पंचायत बीजापुर और सचिव मिरजा खान ग्राम पंचायत बामनपुर जनपद पंचायत भोपालपट्टनम शासकीय सेवक होते हुए सोशल मीडिया में राजनैतिक दलों का प्रचार-प्रसार करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसके बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

## विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**कोरबा, 19 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता एवं मतदाता सहभागिता के तहत लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिला, पुरूष, युवा सहित स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।शासकीय हाई स्कूल स्याहीमूड़ी में मतदान जागरूकता अभियान के तहत मतदान आवश्यक है, कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## एक नजर

### सामान्य प्रेक्षक अग्रवाल ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण




**महासमुंद, 19 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय क्षेत्र 9 महासमुंद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने महासमुंद स्थित मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला गुड़रूपारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बुनियादी सुविधाएं जैसे रैंप, बिजली, पानी, छाया, शौचालय, पर्याप्त एवं उपयुक्त फर्नीचर, भवन की स्थिति आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक अनिल कुमार अग्रवाल ने महासमुंद के वार्ड क्रमांक 13 में शंकर भोई के यहां जाकर होम वोटिंग का जायजा भी लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान दल अधिकारियों से चर्चा करते हुए पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम उमेश साहू एवं लाइजनिंग अधिकारी खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू उपस्थित रहे।

### होम वोटिंग कराने भागबती के घर पहुंचे कलेक्टर

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। जिसमें 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान दलों द्वारा घर जाकर मतदान कराया जा रहा है। जिले में होम वोटिंग कराई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने स्वयं मतदाता के घर जाकर होम वोटिंग की प्रक्रिया का जायजा लिया और स्थानीय कौशिक कालोनी निवासी 85 वर्षीय वृद्ध भागबती बांधे का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने मतदान दल अधिकारियों से चर्चा करते हुए पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली। भागबती ने कलेक्टर को बताया कि वे घर में वोटिंग की सुविधा के लिए बेहद खुश है। उनके परिजनों ने बताया कि उम्र के इस पड़ाव में लाइन में खड़ा होकर वोट देना दुष्कर कार्य रहता था। लेकिन, निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई इस सुविधा से घर बैठे वोटिंग हो गई। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश साहू, मतदान दल और बीएलओ भी मौजूद रहे।

### मतदाताओं को मतदान का संदेश पहुंचाने तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल

**महासमुंद।** जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने अनोखी पहल की जा रही है। स्वीप दिव्यांग क्रिकेट मैच के अलावा फूड फेस्टिवल के माध्यम से मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने का अनोखा आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं के बीच मेरा वोट, मेरी पहचान, शत प्रतिशत करना है मतदान जागरुकता का संदेश पहुंचाने स्थानीय बीटीआई रोड स्थित चौपाटी में तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल 19 से 21 अप्रैल संध्या 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। तीनों दिन खाने के शौकीन और संगती प्रेमी सहित आम नागरिकों के मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा संध्या 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक संगीतमय प्रस्तुति भी दी जाएगी। जिसमें 19 अप्रैल को उद्घाटन समारोह के अवसर पर मशहूर एंकर तशीश, हीप हॉप जुम्बा, शब-ए-अमन व रैपर अंकित एंड सड्डू बॉयस द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।इसी तरह 20 अप्रैल को एंकर तशीश, हीप हॉप जुम्बा, हवाएं द बैंड एवं सावन द बैंड तथा 21 अप्रैल समापन समारोह के अवसर पर एंकर तशीश, हीप हॉप जुम्बा, स्पेशल परफॉर्मेंस एवं इंडियन रोलर के कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। यहां देशी और अलग-अलग तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठाया जा सकता है। इसमें अलग अलग स्टॉल लगाया जा रहा है। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, जिला पंचायत, उच्च शिक्षा, नगरीय निकायों का स्टॉल लगाया जाएगा। यहां बच्चों के लिए किड्स जोन भी बनाया जाएगा। जिसका परिवार सहित आनंद उठा सकते हैं।

### कमीशनिंग कार्य 20, 21 एवं 22 को

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले में उपलब्ध कंट्रोल यूनिट में कैंडिडेट सेट करने, बैलेट यूनिट में मतपत्र लगाने व कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वीवी पैट का सीलिंग कार्य (कमीशनिंग) विधानसभावार 20, 21 एवं 22 अप्रैल 2024 को प्रातः 8 बजे से कृषि उपज मंडी पिटियाझर महासमुंद में किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कमीशनिंग कार्य के लिए निर्धारित दिवसों में नियत समय एवं स्थान पर लोकसभा संसदीय क्षेत्र 9 महासमुंद के सभी अभ्यर्थियों या अधिकृत प्रतिनिधि, अभिकर्ता को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा है।

सुर्री और सीडब्ल्यूसी-1 दोनों में कांटा मशीन खराब, नान डीएम ने जल्द सुधार करने को कहा

# गोदामों में धर्मकांटा खराब, पीडीएस चावल जारी करने में हो रही दिक्कत



**रायगढ़, 19 अप्रैल।** पीडीएस सिस्टम ठीक से काम करे इसके लिए जरूरी है कि गोदामों की व्यवस्था भी ठीक हो। लेकिन रायगढ़ में जिन गोदामों में धर्मकांटा ठीक होना चाहिए, वहां महीनों से सुधार नहीं हुआ है। इस वजह से पीडीएस चावल का उठाव दूसरे गोदामों से करवाया जा रहा है। नागरिक आपूर्ति निगम का चावल किरोड़ीमल नगरए सीडब्ल्यूसी-1, सुर्री, औरदा, एसडब्ल्यूसी खरसिया और लोहरसिंह में जमा होता है। इन गोदामों में धर्मकांटा मशीन का सही तरीके से काम करना जरूरी है। क्षेत्र के हिसाब से चावल का आवंटन और परिवहन होता है। पास के गोदाम से चावल लोड कर गाडियां दुकानों में पहुंचती हैं। कम से कम दूरी तय करनी पड़े ऐसा प्रबंध किया जाता है, लेकिन वजन मशीन सही नहीं होने के कारण गाड़ी दूसरे गोदामों में लोड करना पड़ता है। सीडब्ल्यूसी-1 में कई महीनों से धर्मकांटा खराब पड़ा हुआ है। यहां चावल जमा के लिए भी दूसरे गोदाम से तौल कराना पड़ता है। अब पीडीएस दुकानों को यहां से चावल देना संभव नहीं हो रहा है जबकि शहर की दुकानों के लिए यह गोदाम सबसे सही है। इधर सुर्री गोदाम में भी धर्मकांटा खराब है।

### डीएम कर चुके पत्राचार

नागरिक आपूर्ति निगम के डीएम इन गोदामों में धर्मकांटा की मरम्मत के लिए कई बार निर्देश दिए हैंए लेकिन अब तक मरम्मत नहीं हो सकी है।

सेंट्रल वेयरहाउस के गोदामों में भारी अव्यवस्था है। औरदा और लोहरसिंह के धर्मकांटे में दूसरी दिक्कत है।

# 7 मई को मतदान का नेवता पहुंच रहा हर व्यक्ति के घर





रायगढ़, 19 अप्रैल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले में वृहद स्तर पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। जिले के मतदाताओं को लोक सभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत आगामी 7 मई को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला प्रशासन का 'नेवता तुहर दुवार' के तहत जिले के सभी सातों विकासखण्ड की ग्रामीण महिलाए तख्ती, स्लेट में लिखें स्लोगन के साथ लोगों के घर घर पहुंच कर 7 मई को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदान करने नेवता लेकर पहुंच रही है। साथ ही उन्हें अपने अमूल्य वोट का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। महिलाएं आगामी दिनों में जिले के सभी घरों में नेवता लेकर पहुंचने और प्रोत्साहित करने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जिले में मतदाताओं को जागरुक करने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके है। जिसके अंतर्गत गत दिवस कलेक्टर श्री गोयल ने तमनार के बिरहोर बस्ती स्वयं नेवता लेकर पहुंचे थे, इसी तरह नगरीय निकाय के पार्क, कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थलों में भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ, रंगोली, रैली जैसे विभिन्न कार्यक्रम का लगातार आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी वर्ग के लोग स्वस्फूर्त भाग लेकर अपने मत का उपयोग करने की शपथ ले रहे है।

### उद्योगों में बनाए इंडस्ट्रियल कैप्टन, मतदान के लिए करेंगे प्रेरित

कलेक्टर श्री गोयल के निर्देश पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम अंतर्गत जिला प्रशासन के अधिकारी एमएसपी उद्योग पहुंचे एवं उद्योग कर्मियों को रैली के माध्यम से मतदान के लिए जागरुक किया। यहां इंडस्ट्रियल कैप्टन बनाए गए हैं। जिन्हे उद्योगकर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करने का जिम्मा दिया गया। इस दौरान उद्योग कर्मियों को 7 मई को होने वाले मतदान दिवस पर शत प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। एमएसपी के अधिकारी ने कहा कि कर्मियो को मतदान दिवस पर क्रमिक अवकाश प्रदान किया जाएगा, ताकि कोई भी अपने मताधिकार से वंचित न रहे। इस अवसर पर नायब तहसीलदार रायगढ़ श्रीमती तृप्ति चंद्राकर, मास्टर ट्रेनर श्री विकास रंजन सिन्हा उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने होम मतदान दल का किया गठन

**धमतरी 19 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद एवं धमतरी तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में 19 एवं 20 अप्रैल होम वोटिंग के जरिए मतदान किया जायेगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने अनुपस्थित श्रेणी के 85.आयु वर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने के लिए विधानसभावार रूट चार्ट के आधार पर होम वोटिंग मतदान दल का गठन किया है। साथ ही होम वोटिंग कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारी, कर्मचारियों को 19 एवं 20 अप्रैल को सुबह 7 बजे जिला निर्वाचन कार्यालय के डाक मतपत्र शाखा में उपस्थित होकन आवश्यक निर्वाचन सामग्री प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं।कांकेर लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा सिहावा स्थित रूट क्रमांक 01 में पटवारी श्री क्षेत्रपाल साहू और श्री हरीश सिन्हा को रूट प्रभारी होंगे तथा शाखा प्रबंधक श्री विकास, व्याख्याता श्री खिलावन सिंह साहू तथा शिक्षक श्री दुर्गा प्रसाद मिश्रा की ड्यूटी लगाई गई है।

इसी तरह रूट क्रमांक 02 में पटवारी श्री रोहित सिन्हा रूट प्रभारी और शाखा प्रबंधक श्री अभिजीत डे, व्याख्याता श्री चन्द्रन सिंह तुरंग तथा श्री गेवाराम नेताम और रूट क्रमांक 03 के प्रभारी पटवारी श्री मोहर लाल पटेल होंगे, यहां शाखा प्रबंधक श्री योगेश प्रसाद, व्याख्याता श्री लकेश कुमार उपाध्याय और प्रधानपाठक श्री मोहन दास की ड्यूटी लगाई गई है।लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद स्थित रूट क्रमांक 01 के प्रभारी पटवारी श्री देवेन्द्र कुमार साहू को बनाया गया है।

# रायगढ़ के 20 किमी के दायरे में काली डस्ट की बरसात:बजरंग अग्रवाल

**रायगढ़, 19 अप्रैल।** पर्यावरण मित्र के बजरंग अग्रवाल शहर व जिले की पर्यावरण को लेकर लगातार आवाज उठाते चले आ रहे हैं। एक बार फिर से इन्होंने भयावह होते काले डस्ट की समस्या को लेकर पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से लेकर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अध्यक्ष एनजीटी को मेल कर और पत्र लिखकर जानलेवा हो चुकी समस्या से निजात दिलाने मांग की गई है। जीवन के लिए घातक हो चुके काले डस्ट की समस्या से निजात दिलाने लगातार प्रयास कर रहे पर्यावरण मित्र के बजरंग अग्रवाल ने बताया की उन्होंने छत्तीसगढ़ पर्यावरण वन मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन की सचिव को भी मेल कर दूरभाष से चर्चा किया। जिस पर छत्तीसगढ़ शासन सचिव ने रायगढ़ के बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को लेकर गंभीरता से जांच करवाई जायेगी।उन्होंने कहा कि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए एवं उद्योगपति पर्यावरण के नियमों के तहत कार्य नहीं करते। उद्योग पति अपने औद्योगिक क्षेत्र के 33 प्रतिशत हिस्से में पौध रोपण कर हरियाली के लिए काम करना होता है किंतु किसी भी औद्योगिक घरानों द्वारा इसका पालन नहीं किया जाता है। खरनाक हो चुके प्रदूषण की वजह से अनेकों बीमारियां पैदा हो रही है। यदि समय रहते जिले से औद्योगिक प्रदूषण पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले समय में और खतरनाक बीमारियां होंगी। अधिकारियों को लिखे पत्र और इमेल में उल्लेख किया है कि छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में कोयला आधारित 200 उद्योग है पावर प्लांट स्पंज आयरन रोलिंग मिल फर्निश और और अन्य कई उद्योगों के द्वारा प्रतिवर्ष 2 करोड़ टन कोयला जलाया जाता है।क्षेत्रीय पर्यावरण कार्यालय रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक करोड़ 52 लाख टन फ्लाई ऐश सभी उद्योगों से निकलती है। फ्लाई ऐश न सिर्फ हवा में प्रदूषण फैलाने का कारक नहीं है बल्कि फ्लाई ऐश पानी को भी प्रदूषित कर रहा है। इसकी वजह से कृषि भूमि भी बंजर हो रही है। बजरंग अग्रवाल ने इन उद्योगों में होने वाली जांच पर भी सवालिया निशान लगाया है। यह जांच भी प्रदूषण से पीड़ित व्यक्ति जब शिकायत करता है तब यह जांच होती है। एनजीटी एवं सीपीसीबी के द्वारा भारत देश में 15 पावर प्लांट को अधिक कार्बन उत्सर्जन होने के कारण बंद करने की चेतावनी दी है। हमारे रायगढ़ जिले में जितने भी उद्योग लगे हैं वह रायगढ़ शहर के चारों दिशाओं में 20 किलोमीटर के अंदर लगे हैं जो की पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन करते हुए इन प्लांट में भी कार्बन अधिक उत्सर्जन होता है जिस पर कोई अंकुश नहीं है।

रायगढ़ शहर से 20 किलोमीटर चारों दिशाओं में फ्लाई एस की बरसात होती है एवं रायगढ़ जिले में एक करोड़ 52 लाख टन फ्लाई ऐश हर वर्ष निकलती है एवं उद्योगपति और प्लांट के मालिक इसकानिपटाना 40ज भी नहीं कर पाते हैं। फ्लाई ऐश जो ट्रांसपोर्टर उठाते हैं और लाखों टन फ्लाई ऐश खेतों में नदी नालों के किनारेए सड़कों के किनारे में जंगलों में फेंक दिया जाता है। ट्रांसपोर्ट मालिकों के द्वारा किसी भी गाड़ी में जीपीएस सिस्टम नहीं लगाया हुआ है। दूसरा किसी भी उद्योग में पर्यावरण के नियम अनुसार 33: जमीन छोड़ी नहीं गई है। सिर्फ उनके कागज बताते हैं 33ज जमीन छोड़ दी गई है और उन पर हरियाली अच्छादित है। 100ज किसी ने भी पर्यावरण के अनुसार जमीन नहीं छोड़ी है इन उद्योगों का जहां ग्रीन बेल्ट बना था उसका लेआउट नक्शा लेकर पूरी जांच कराएंगे तो सच्चाई सामने आ जाएगी।आज रायगढ़ जिले में कोई भी जमीन 20 से 25 लख रुपए एकड़ में भी नहीं मिलती । रायगढ़ शहर के 20 किलोमीटर की चारों दिशाओं में हर घर के छत के ऊपर एवं घर के अंदर फ्लाई ऐश की बरसात होती है। बिना जूता चप्पल पहने अगर घर के अंदर भी पैदल चलते हैं तो आपके पैर काले हो जाएंगे। फ्लाई ऐस का असर मानव जीवन पर ही नहीं इसका शिकार जीव जंतु जानवर के ऊपर भी हो रहा है। पत्र में पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालयए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अध्यक्ष एनजीटी को मेल कर उल्लेख किया है की दिल्ली से एक जांच टीम भेज कर यह सारी चीज़ अपनी आंख से देखा जा सकता है। मैं घर.घर घूमना चाह रहा हूं जिससे उनको पता चले कि बिना चप्पल जूते के सारे पैर काले हो जाते हैं।उन्होंने यह भी उल्लेख किया है की अगर आप चाहें तो स्टांप पेपर पर शपथ नामा दे सकता हूं । दिल्ली और भोपाल से सेकडो किलोमीटर दूर में हम रायगढ़ में बैठे हैं हमारी पूरी जिंदगी खराब हो रही है। 100 में 80 लोगों को सर्दी खांसी एवं अनेक प्रकार की बीमारियां लग रही है। आपने लोगों को बचाने के लिए भारत सरकार ने एनजीटी का गठन किया लेकिन एनजीटी ने ने अभी तक रायगढ़ आकर यह सारे बिंदुओं की जांच नहीं की आपसे निवेदन है कि आप एक जांच दल बनाकर चार दिन रायगढ़ में रहे हर उद्योग की पॉल्यूशन फैलाने वाले यंत्रों की कोयला किस ग्रेड का जलाया जाता है। उसकी सब की जांच करवाने का पहल करें।

पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अध्यक्ष एनजीटी को को मेल कर आग्रह किया है कि उद्योगों की हर बिंदु पर जांच कर पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन की धारा लगाकर इनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर प्रदूषण पर रोक लगाने का कष्ट करें ।

# हरियाली के एहसास के साथ होगा मतदान



**बीजापुर 19 अप्रैल ।** बीजापुर जिला वन परिक्षेत्र होने के कारण आदर्श मतदान केंद्र को की थीम में सजाया गया है। यह एक गोंडी शब्द है जिसका शाब्दिक अर्थ ग्रीन वोट देना होता है। प्राकृतिक सौंदर्य और बांस शिल्प कला और ताड़ी और सल्फी के पेड़ की पत्तियों के छांव के बीच मतदाताओं को भरी गर्मी में भी शीतलता का एहसास होगा ।

खूबसूरत सेल्फी जोन के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन 2024 के चुनाव में अपनी भागीदारी को मतदाता यादगार बना पाएंगे। गोबर से लिपाई और मटके का शीतल जल मतदाताओं को ग्रामीण परिवेश का एहसास दिलाएगा। जिले में पांच मतदान केंद्र क्रमशः जनपद पूर्व माध्यमिक शाला बीजापुर, कन्या प्राथमिक शाला बीजापुर, नवीन कन्या माध्यमिक शाला बीजापुर, कन्या प्राथमिक शाला भैरमगढ़, प्राथमिक शाला भवन गोटाईगुड़ा को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में तैयार किया गया है।आदर्श मतदान केंद्र का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय और जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार उपनिदेशक इंद्रावती टाइगर रिजर्व एवं आदर्श मतदान केंद्र नोडल अधिकारी श्री संदीप कुमार बलगा ने आवश्यक निर्देश दिए।

### हादसे में जवान घायल

**बीजापुर।** थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत गलगम क्षेत्र में एरिया डॉमिनेशन पर निकले केरिपु 196 के जवान को दुर्घटनावश क्ननरु सेल ब्लास्ट होने से आई चोट गलगम पोलिंग बुथ से 500 मीटर की दूरी पर एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी पार्टी जवान को प्राथमिक उपचार उपरान्त ईवाक्यूएट किया जा रहा है

# सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा की तिथि निर्धारित

**रायगढ़, 19 अप्रैल।** सेना भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाईन कॉमन एंट्रेस एग्जाम की तारीख सेना द्वारा घोषित कर दी गई है। जिला रोजगार अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाईन परीक्षा (सीईई) 22, 23, 24, 25, 29 एवं 30 अप्रैल तथा 2 एवं 3 मई 2024 को निर्धारित 5 परीक्षा केन्द्र बिलासपुर, रायपुर, भिलाई (दुर्ग), दुर्ग और जगदलपुर में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक दिन ऑनलाईन परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस बार से अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/ एसकेटी में आवेदन करे वाले उम्मीदवारों का टाइपिंग टेस्ट ऑनलाईन परीक्षा सेंटर पर लिया जाएगा। प्रवेश पत्र भारतीय सेना की वेबसाईट 222.द्भशद्बठ्ठद्बठ्ठस्रद्बड्डठ्ठड्डह्म्द्व4.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ में डाउनलोड कर सकते है। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देशों का पालन करें और समय पर अपने परीक्षा केंद्र पर पहुचें। छत्तीसगढ़ में ऑनलाईन परीक्षा सीईई केन्द्रों के तहत बिलासपुर के आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, लख्मीचंद इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी, बोडरी, नियर हाई कोर्ट, बिलासपुर पिन- 495220 तथा चौकसी इंजीनियरिंग कॉलेज, मस्तुरी रोड लाल खदान, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, पिन-495004 में निर्धारित की गई है। इसी तरह रायपुर में आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, पार्थिवी प्रो प्रोवाइन कमर्शियल काम्प्लेक्स, संत रविदास वार्ड नम्बर 70, सरोना, रायपुर, पिन-492009 तथा कलिंगा यूनिवर्सिटी, कोतनी नियर कैपिटल काम्प्लेक्स, नया रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन- 492001, भिलाई (दुर्ग)-में आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, ग्राउंड 2 एंड 3 फ्लोर, पार्थिवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट सिरसाकला, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, पिन- 492101, रूंगटा इन्फोटेक सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, कोहका कुरूद रोड, भिलाई, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, पिन- 490024, साईं कॉलेज, स्ट्रीट-69, सेक्टर-6, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, पिन- 490006, मनसा कॉलेज, कोहका कुरूद रोड, भिलाई, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, पिन- 490024, दुर्ग में छत्रपति शिवाजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, शिवाजी नगर, बालोद रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन- 491001 एवं भारती कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पुलगांव चौक, दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन-491001 तथा जगदलपुर में झाडा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर में परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# होम वोटिंग की सुविधा ने बुजुर्गों एवं दिव्यांगों के लोकतंत्र में अनिवार्य भागीदारी के सपने को किया साकार

**महासमुंद,19 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा संसदीय क्षेत्र 09 के तहत महासमुंद जिले के चारों विधानसभा के दिव्यांगों और 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग मतदाताओं ने उत्साह और उमंग के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में सहभागिता निभाई। निर्वाचन आयोग द्वारा घर पर ही मतदान की सुविधा मिलने से मतदाताओं ने खुशी जाहिर करते हुए मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा जिलेवासियों से आगामी 26 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की गई।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की नई सुविधा मिलने पर संसदीय क्षेत्र 9 अंतर्गत महासमुंद जिले के 80 वर्ष से अधिक के आयु के बुजुर्गों तथा चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अनिवार्य भागीदारी का सपना साकार किया है। इस नई व्यवस्था के तहत जिले के 226 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी गयी थी। होम वोटिंग के दौरान सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम जोगनीपाली की माया देवी अग्रवाल 85 वर्ष, ग्राम तोरेसिंहा की उमा 86 वर्ष, ग्राम गढ़फुलझर के दिव्यांग जगबंधु 19 वर्ष, बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम लालपुर की केसर




कुंवर जैन 104 वर्ष, सुमन देशपांडे 102 वर्ष, सुखो बाई फूलसिंह 85 वर्ष, ग्राम तेंदुलोथा कला की चंदा बाई 94 वर्ष, प्यारी बाई 93 वर्ष, ग्राम नर्रा से घासीदास 86 वर्ष, ग्राम मोखा से सुखधर 85 वर्ष, ग्राम झमला से दिव्यांग दुर्गेश ठाकुर 23 वर्ष एवं पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सानटेमरी की रविवारी भोई 90 वर्ष, जैसे अनेक वरिष्ठजनों और दिव्यांगों ने उत्साहित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदाताओं ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की सुविधा नहीं मिलने से इस समय उनके लिए अपने शारीरिक अस्वस्थता के चलते मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान करना बिलकुल भी असंभव था। सभी ने उनके जैसे अनेक बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को उनके घरों पर ही मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के इस होम वोटिंग की नई व्यवस्था की प्रशंसा की। भारत निर्वाचन आयोग की इस नई व्यवस्था की सराहना करते हुए बागबाहरा की 104 वर्षीय केसर कुंवर जैन ने कहा कि आज उसे अपने घर में ही मताधिकार का सुविधा मिलना उनके लिए किसी सपने का साकार होने जैसा है। उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि अपने इस उम्र के इस पड़ाव एवं शारीरिक अस्वस्थता के कारण इस बार उसे मतदान करने का सौभाग्य भी प्राप्त होगा। लेकिन, आज भारत निर्वाचन आयोग के इस व्यवस्था के कारण उसे आज अपने घर पर ही मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हुआ।सरायपाली की 85 वर्षीय माया देवी अग्रवाल ने होम वोटिंग कर उत्साहित होकर कहा कि उनके वृद्धावस्था एवं शारीरिक अस्वस्थता के कारण उनके लिए मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान करना बिल्कुल भी संभव नहीं था। लेकिन, भारत निर्वाचन आयोग के इस नई व्यवस्था के कारण आज उसे अपने घर में ही मतदान करने का अवसर मिला है। अपने मताधिकार का प्रयोग करने से अब मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाने की कमी नहीं खलेगी। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड के ग्राम झमला के 23 वर्षीय दिव्यांग दुर्गेश ठाकुर ने भारत निर्वाचन आयोग की होम वोटिंग की सुविधा की प्रशंसा करते हुए बताया कि दिव्यांग होने के कारण अपने शारीरिक परेशानियों के चलते मतदान केंद्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते थे। इसके लिए उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग को विनम्र आभार व्यक्त किया। उनके अलावा अन्य मतदाताओं ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के इस नई व्यवस्था के कारण उनके जैसे अनेक दिव्यांगों के अलावा चलने-फिरने में असमर्थ बुजुर्गों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। वास्तव में यह व्यवस्था देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने में और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में कारगर साबित होगा। होम वोटिंग हेतु विधानसभा क्षेत्र महासमुंद-42 के लिए 05 रूट, खल्लारी-41 के लिए 09 रूट, बसना-40 के लिए 09 रूट व सरायपाली-39 के लिए 10 रूट निर्धारित किए गए है। छूटे हुए मतदाता 20 अप्रैल 2024 को सुबह 8 बजे शाम 5 बजे तक होम वोटिंग कर सकते हैं।

# ईवीएम की शिफ्टिंग शुरू

**रायगढ़, 19 अप्रैल।** रायगढ़ तहसील कार्यालय स्थित निर्वाचन वेयर हाउस से लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग शुरू हो गई है। गुरुवार को दो कंटेनर ट्रक के माध्यम से केआईटी कॉलेज में ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग की गई। इसी तरह एक कंटेनर ट्रक से खरसिया विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग की गई।लोकसभा निर्वाचन के लिए पूर्व में विधानसभा वार ईवीएम मशीनों का सेप्रेशन किया गया था। इसमें वेयरहाउस में स्थित ईवीएम मशीनों को जिले के रायगढ़, खरसिया, लैलूंगा और धरमजयगढ़ विधानसभा के अनुसार आबंटन किया गया था। इसके बाद अब ईवीएम मशीनों को शिफ्टिंग का कार्य शुरू हो गया है। शिफ्टिंग के पहले दिन रायगढ़ विधानसभा के लिए केआईटी कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में दो कंटेनर ट्रक के माध्यम से मशीनों की शिफ्टिंग की गई। इसमें बीयू 350, सीयू 350 एवं वीवीपैट 369 की शिफ्टिंग की गई।

### आबकारी अमला ने जब्त की 40 लीटर महुआ शराब

**धमतरी 19 अप्रैल।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आबकारी अमला द्वारा नगरी के ग्राम फुटहामुडा जंगल में कार्यवाही करते हुए 40 लीटर महुआ शराब जप्त एवं लगभग 1000 किलो महुआ लाहन जप्त कर नष्ट किया गया। जिला आबकारी अधिकारी श्री प्रभाकर शर्मा ने बताया कि अज्ञात आरोपी के ख़लिफ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 34(1) च के तहत कार्यवाही की गयी। इस अवसर पर आबकारी उप निरीक्षक निशांत साधु, अजय मारकण्डे,आबकारी प्रधान आरक्षक अनिल सिंह, आबकारी आरक्षक मुरली सोनी , राजेश यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### आईएएस सौरभ स्वामी सामान्य और आईपीएस आहिरे पुलिस प्रेक्षक नियुक्त

**बलौदाबाजार, 19 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 03 जांजगीर-चांपा हेतु आईएएस सौरभ स्वामी सामान्य प्रेक्षक एवं आईपीएस बीपिन शंकर राव आहिरे पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी सर्किट हाऊस जांजगीर के हसदेव कक्ष में सुबह 10 से 11 बजे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, प्रत्याशी, आम जनता उनसे अपनी बात रखने एवं किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए में मिल सकते हैं। सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी का मोबाइल नंबर 7647045961 एवं उनके लाईजनिंग अधिकारी शशांक सिंह, मोबाईल नंबर 7987067974 हैं। पुलिस प्रेक्षक बीपिन शंकर राव आहिरे हाऊस के महानदी कक्ष में ठहरें हुए हैं। उनका मोबाईल नंबर 7647046304 एवं उनके पुलिस लाईजनिंग अधिकारी दीपक कुमार ठाकुर मोबाईल 9685134048 है।

### दो शराब कोचियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 19 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान सृजन के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अविनाश सिंह ठाकुर वं एसडीओपी निधी नाग के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी अजय झा के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 16/04/2024 को थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार से प्र आर. समीर शुक्ला एवं कृष्ण कुमार बरेठ, आरक्षक देव निराला, अश्वनी पैकरा, मो. अकरम महिला आर. मंजु वर्मा द्वारा आरोपियो से अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु रखने 02 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से कुल कुल 15.76 बल्क लीटर जिसमें हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब 10 लीटर एवं 32 गोवा स्पेशल व्हीस्की 5.76 बल्क लीटर जुमला किमती 6160 रूपये जप्त किया गया है। आरोपीयो के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध क्र. 279/2024, 280/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### रात के समय घर के बाहर खड़ी बाइक की सीट को ब्लेड से काटकर फाड़ने वाले तीन अपचारी बालक पकड़े गए

**बलौदाबाजार, 19 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से एवं मोबाइल फोन के माध्यम से सूचना मिली कि अभी कुछ दिनों पहले रात के समय बलौदाबाजार नगर के विभिन्न इलाकों में घर के बाहर खड़ी की गई मोटरसाइकिल की सीट को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ब्लेड आदि धारदार वस्तु से काटकर फाड़ दिया जा रहा है, किंतु इस प्रकार की बदमाशी एवं उत्पात मचाने वाले आरोपियों का पता नहीं चल पा रहा है। इस प्रकार की बदमाशी करने वाले व्यक्तियों का पहचान होना एवं उनका पकड़ा जाना भी इसलिए अत्यंत आवश्यक था, क्योंकि इनके द्वारा भविष्य में पकड़े जाने के डर अथवा ऐसी बदमाशी करते हुए अन्य किसी व्यक्ति के देख लेने से ब्लेड आदि का उपयोग कर आरोपियों द्वारा सामने खड़े किसी व्यक्ति को गंभीर चोट भी पहुंचाया जा सकता था। कि उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए थाना सिटी कोतवाली की पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा आसूचना तंत्र सक्रिय करते हुए तथा मुखबिर की सूचना पर 03 अपचारी बालकों को पकड़ा गया। अपचारी बालको से पूछताछ पर रात के समय घूमते हुए, शरारत स्वरूप बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों की सीट को ब्लेड के माध्यम से फाड़ देना स्वीकार किया गया है। इस संबंध में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा इन सभी अपचारी बालकों के परिजनों को थाना बुलाया गया। पुलिस द्वारा उनके परिजनों को अपने बालकों को किसी भी प्रकार का उत्पात नहीं करने हेतु समझाइश देने एवं भविष्य में पुन: इस प्रकार की बदमाशी/शरारत करते पकड़े जाने पर कड़ी कार्यवाही किए जाने हेतु हिदायत दिया गया है।

### पुलिस ने एक निगरानी व 5 गुण्डा बदमाशों की फाइल खोली

**बलौदाबाजार, 19 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए, असामाजिक एवं अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। साथ ही जुआ, सट्टा, अवैध रूप से शराब बिक्री जैसे अवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर लगातार छापामार अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विभिन्न थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वाले लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में 18 अप्रैल को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत लड़ाई-झगड़ा, विवाद, मारपीट आदि अपराधों में संलिप्त तथा इस प्रकार की घटनाओं को लगातार अंजाम देने वाले कुल 05 लोगों के विरुद्ध गुंडा बदमाश की फाइल खोली गई है। इसी के साथ संपत्ति संबंधी अपराधों की घटनाओं को लगातार अंजाम देने वाले शक्ति वार्ड भाटापारा निवासी एक व्यक्ति के विरुद्ध निगरानी बदमाश पंजी खोली गई है। निगरानी एवं गुंडा बदमाश पंजी खुलने से इन सभी व्यक्तियों का संबंधित थानों द्वारा लगातार निगरानी रखी जाएगी।

# रामनवमी पर निकली बाइक रैली में शामिल हुए राजस्व मंत्री टंकराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बलौदाबाजार, 19 अप्रैल।** श्री रामनवमी उत्सव समिति द्वारा आयोजित बाइक रैली एवं महा आरती में शामिल हुए मंत्री टंक राम बलौदा बाजार जिस तरह पूरे देश में रामनवमी एवं राम जन्म उत्सव मनाया जा रहा है इसी तरह बलौदाबाजार नगर में भी रामनवमी उत्सव समिति के द्वारा रामनवमी एवं राम जन्म उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर उत्सव समिति द्वारा बाइक रैली का आयोजन किया गया आयोजन एवं एकत्रीकरण नगर के अंबेडकर चौक में किया गया बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग अपनी अपनी बाइक लेकर अंबेडकर चौक पहुंच रैली में शामिल हुए।

इस धार्मिक आयोजन में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा भी शामिल हुए इस धार्मिक रैली में स्वयं मंत्रि टंक राम वर्मा बाइक पर सवार होकर नगर के सदर रोड महात्मा गांधी रोड होते हुए मुख्य मार्ग से गार्डन चौक राम के जय कारों के साथ रैली के साथ पहुंचे जहां माहा आरती का आयोजन किया गया इस माह आरती में भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी एवं रामचंद्र जी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर महा आरती प्रारंभ हुई इस आरती में नगर सहित आसपास के गांव के लोग भी हजारों की संख्या में शामिल हुए या आयोजन सर्व हिंदू समाज द्वारा आयोजित किया गया था यह कार्यक्रम में सभी धार्मिक संगठन के लोग व बड़ी संख्या में राजनीतिक दल के लोग भी शामिल हुए इस भक्ति मय कार्यक्रम में उपस्थित छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंक राम वर्मा ने प्रदेश वासियों को राम नवमी एवं राम जन्मोत्सव के इस महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा की रामनवमी के दिन भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम का जन्म हुआ था रामनवमी का त्यौहार चैत्र नवरात्रि के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर पड़ता है और इस बार राम जन्मभूमि अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामनवमी पर भगवान राम का जन्म उत्सव भी मनाया जा रहा है मां भगवती का पूजन अष्टमी व नवमी को करने से कष्ट दुख मिट जाते हैं और शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है यह तिथि परम कल्याणकारी पवित्र सुख को देने वाली और धर्म की वृद्धि करने वाली होती है भगवान राम की दिव्या कृपा आप सभी पर आनंद शांति और समृद्धि बरसाए रामनवमी के इस शुभ अवसर आईये हम भगवान राम के आदर्शों पर चलें आप सभी को राम नवमी व राम जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर बलौदा बाजार नगर के गणमन नागरिक भी उपस्थित हुए जिनमें प्रमुख रूप से नगर के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी जिला अध्यक्ष सनम जांगड़े नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल खोड्स राम कश्यप नगर पालिका अध्यक्ष पूर्व अशोक जैन जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी राज नारायण केसरवानी धनंजय साहू कपिल कश्यप मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव योगेश अग्रवाल राकेश ध्रुव राजेश वर्मा शालीन साहू रोमी साहू राहुल सोनी आलोक अग्रवाल मुकेश पाल पवन जायसवाल संजय पंजवानी नीरज सोनी वेदांत रजक विनय गुप्ता शिव नरेश मिश्रा हरिश्चंद्र वर्मा इंदु पंजवानी तरुण वर्मा लाला निषाद हेमंत निषाद राजू यादव योगेश वर्मा दिनेश बाजपेई संजय श्रीवास शहित हजारों की संख्या में राम भक्त इस महा आरती एवं महा आयोजना के साक्षी बने।

### बालोद पुलिस को मिली बड़ी सफलता, सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

# कोरगुड़ा हत्या का आरोपी गिरफ्तार

- घटना में प्रयुक्त हंसिया जब्त गांव का ही निकला आरोपी
- घटना के बाद फरार चल रहे आरोपी को कोण्डागांव से पकड़कर बालोद लाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद, 19 अप्रैल।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी भारत लाल देवांगन निवासी ग्राम कोरगुड़ा थाना बालोद ने 12 अप्रैल को थाना बालोद आकर रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके पिता फगुवा राम देवांगन जो मृत अवस्था में अपने ही खेत में पड़ी है जिसकी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बालोद में अपराध क्रमांक 221/2024 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक, एस आर भगत के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी के पर्यवेक्षण में एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में थाना प्रभारी बालोद व सायबर सेल प्रभारी बालोद एवं थाना बालोद और सायबर सेल की टीम के द्वारा ग्राम कोरगुड़ा में जाकर घटना स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर विशेष संसूचना एवं डॉग स्क्वाड, फिंगर प्रिंट टीम, तकनीकी साक्ष्यो के माध्यम से महत्वपूर्ण मास्टर प्लान तैयार कर टीम के द्वारा अलग अलग क्षेत्रो में जाकर घटना की सम्पूर्ण जानकारी एवं अज्ञात आरोपी के संबंध में गांव मे लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त किया जा रहा था। टीम द्वारा गांव में कैम्प कर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि घटना के बाद से गांव का एक युवक गायब है उसकी जानकारी लेने पर वह पूर्व में भी किसी महिला पर हसिये से वार का प्रयास कर चुका है और कई बार अपने घर वालों को भी हसिया, टंगिया लेकर दौड़ा चुका है। कि जानकारी पर टीम द्वारा उसकी पतासाजी किया जा रहा था। लगातार संदेही के संबंध में जानकारी प्राप्त किया जा रहा था कि मुखबिर से सूचना मिला कि संदेही टिकेश तुमरेकी कोण्डागांव में अपने रिष्तेदार के यंहा छिपा है कि सूचना पर तत्काल टीम द्वारा कोण्डागांव रवाना हुआ वहां पहुंचकर संदेही टिकेश तुमरेकी को घेरा बंदी कर पकड़कर बालोद लाया गया।

थाना बालोद के अपराध क्रमांक 221/2024 धारा 302 भादवि के अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु थाना बालोद एवं सायबर सेल से विषेष टीम गठित किया गया था। विषेष टीम द्वारा घटना के 05 दिवस लगातार गांव में कैम्प कर संसूचना के आधार पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर अंधे कत्ल के प्रकरण को सुलझाने व आरोपी टिकेष तुमरेकी को कोण्डागांव से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। संदेही टिकेश तुमरेकी से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने कथन में बताया गया कि वह सुबह अपने घर से गांव के खेत तरफगया था जंहा खेत में मृतक फगुवाराम देवांगन अपने खेत से धान का पैरा लेकर आ रहा था कि दोनो में आपसी बहस हुई जिससे संदेही टिकेष तुमरेकी आवेष में अपने पास रखे हसिये से मृतक फगुवाराम देवांगन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे मृतक फगुवाराम देवांगन की घटना स्थल पर हि मौत हो गया। आरोपी टिकेष तुमरेकी के निषानदेही पर ग्राम कोरगुड़ा जाकर उसके बताये जगह से घटना में प्रयुक्त हसिया बरामद किया गया है। आरोपी को आज विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिंमाड पर भेजा जा रहा है।

आरोपी के नाम टिकेश तुमरेकी पिता देवीलाल तुमरेकी उम्र 21 वर्ष पता- वार्ड 13 ग्राम कोरगुड़ा थाना बालोद, जिला बालोद है।

अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने व आरोपी की गिरफ्तारी में एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर, थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, सायबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक जोगेन्द्र साहू, सउनि धरम भूआर्य, प्रधान आरक्षक- भुनेष्वर मरकाम, विवेक शाही, आरक्षक -भोप सिंह साहू, राहुल मनहरे, आकाश सोनी, आकाश दुबे, विपिन गुप्ता, संदीप यादव, पूरन देवांगन, बनवाली साहू, रवि साहू, मनीष ठाकुर, रवि गंधर्व की सराहनीय भूमिका रही है। तकनीकी टीम प्रधान आरक्षक रूमलाल चुरेन्द्र, आरक्षक - मिथलेष यादव, योगेष पटेल, गुलझारी साहू का सहयोग रहा।

### मोटरसाइकिल चोरी करने वाले शातिर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 19 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि



प्रार्थी परमेश्वर ध्रुव साकिन बिटकुली द्वारा 2 नवम्बर को थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 1 नवम्बर को को दोपहर 02.00 बजे अपनी मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्र. सीजी-22-यू-8664 को गार्डन चौक बलौदाबाजार में नीरज ठाकुर वकील के घर के सामने लॉक कर खड़ी कर अपनी ड्युटी के लिये चला गया था। डयूटी पश्चात रात्रि करीबन 11:45 बजे वापस आकर अपने मोटर सायकल के पास गया तो देखा वहां मेरी मोटर सायकल नहीं थी आसपास तलाश किया मेरी मोटर सायकल नहीं मिल पाया। कोई अज्ञात चोर मेरी मोटर सायकल पुरानी इस्तेमाली किमती करीब 20,000 को चोरी कर ले गया। इसी प्रकार अन्य घटना में अप0क्र0 891/2023 धारा 379 भादवि के प्रार्थी सहदेव सा.चिचिरदा का थाना उपस्थित आकर 8 नवम्बर 2023 को सुबह 05.30. बजे मोटर सायकल एचएफडीलक्स क्र.सीजी-22-पी-8482 को गार्डन चौक बलौदाबाजार मे नीरज ठाकुर वकील के घर के सामने लाक कर खड़ी कर अपनी ड्यूटी के लिये चला गया था। ड्यूटी पश्चात् दोपहर करीब 03.30 बजे वापस आकर अपने मोटर सायकल के पास गया तो देखा वहां मेरी मोटर सायकल नही थी आस-पास पता तलास किये कही नही मिला है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी डावेन्द्र ध्रुव से चोरी गये मोटर सायकल के संबंध में कडाई से पूछताछ करने पर मोटर सायकल को गार्डन चौक बलौदाबाजार से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी से दोनो मोटर सायकल को बरामद कर आरोपी डावेन्द्र ध्रुव को 16 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# नवरात्र के अंतिम दिन श्रद्धा-भक्ति के साथ जोत जंवारा का विसर्जन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 19 अप्रैल।** चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन जोत जंवारा विसर्जन में श्रद्धा भक्ति के साथ उत्साह से महिलाएं शामिल हुईं। सिर पर जोत जवारा कलश थामकर महिलाएं निकली। ग्राम ताराशिव में स्वर्गीय फेकू राम नायक के घर में चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन जोत जंवारा विसर्जन में श्रद्धा भक्ति के साथ उत्साह से महिलाएं शामिल हुईं। सिर पर जोत जवारा कलश थामकर महिलाएं निकली। तेज धूप में कलश थामकर नंगे पैर चल रही महिलाओं के पैरों को जलन से बचाने सेवादार पानी का छिड़काव करते चल रहे थे। जोत जवारा विसर्जन यात्रा का नजारा पुरे गांव में दिखाई दिया। जोत का विसर्जन बंधवा तालाब में किया गया। घर-घर में स्थापित घट कलश, जोत-जंवारा का विसर्जन करने की परंपरा निभाई गई। अनेक मोहल्लों से जंवारा विसर्जन यात्रा में श्रद्धालुओं ने सांग-बाणा धारण किया। दोनों गाल, छाती, हाथ, होंठ, जीभ को नुकीले तीरों से बेधकर श्रद्धा भक्ति के साथ विसर्जन यात्रा में शामिल हुए।

**नवमी पर कन्याओं का पूजन:** देवी मंदिरों में कन्याओं का पूजन करके भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। विविध मंदिरों में सुबह 10 बजे कन्या पूजन हुआ। इसके पश्चात कन्याओं को भोजन कराया गया। कन्या भोज के बाद महाभंडारा में प्रसाद वितरण किया गया।

### ट्रैक्टर के बाद ऑटो चलाकर कलेक्टर ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश, पहली बार हुआ ऑटो रैली आयोजन

# गुब्बारों व स्वीप प्रचार से सजी गाड़ियां रही आर्कषण का केंद्र

- 151 चालकों ऑटो ने लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 19 अप्रैल।** लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज जिला मुख्यालय में ट्रैक्टर महारैली के सफल आयोजन के बाद आज पहली बार ऑटो रैली का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 8 किलोमीटर मार्ग को 151 ऑटो के माध्यम से पूरी की गई। महारैली के उत्साह को बढ़ाने एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए सशक्त संदेश देने के लिए स्वयं कलेक्टर के एल चौहान ने ऑटो चलाते हुए पूरी रैली का नेतृत्व किया।

कलेक्टर को ऑटो चलाते देख बड़ी संख्या में पहुंचे ऑटो चालक, ग्रामीण, नगरवासी एवं अधिकारी कर्मचारी भी दंग रह गए। एक ओर जहां कलेक्टर चौहान ऑटो चला रहे थे वही उनके पीछे सवारी के रूप में उनकी पत्नी रानी चौहान, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल एवं एसडीओपी निधी नाग पुरे रैली भर उनके साथ बैठे



रही।।इस रैली में बलौदाबाजार, भाटापारा शहर के ऑटो चालक, छात्र, छात्राएं, शिक्षक, आमजन, ग्रामीण, खिलाड़ी, प्रबुद्ध नागरिक, पुलिस के जवान सहित अधिकारी कर्मचारी, मिडिया प्रतिनिधी बड़ी संख्या में शिरकत किए। रैली को आकर्षक बनाने के कुछ चयनित विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता संबधित पोस्टर बैनर एवं रंग बिरंगी, गुब्बारों से सजाई गई थी जो काफी आकर्षक लग रहा था। इसके साथ ही रैली निकलने के पूर्व ही कलेक्टर चौहान ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। ट्रैक्टर रैली जिला मुख्यालय में स्पोर्ट्स स्टेडियम परिसर से प्रारंभ होकर, गौरव पथ, अंबेडकर चौक होते हुए वापस बस स्टैंड, गार्डन चौक, कृष्णानायन से मुड़ते हुए पुनः जनपद पंचायत कार्यालय के रास्ते होते हुए कलेक्टोरेट चौक से स्पोर्ट्स स्टेडियम में ही समाप्त हुआ। इस मौके पर सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीओपी निधी नाग, बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, तहसीलदार राजू पटेल, जनपद पंचायत सीईओ मंडावी, सीएमओ भोई, अन्य सभी विभागों के जिला अधिकारी गण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप



**जगदलपुर, 19 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जगदलपुर के वार्डों में मतदान के प्रति भारी उत्साह देखा जा रहा है। सुबह से ही मतदान केन्द्रों में भारी भीड़ देखी गई। वीरसावरकर वार्ड में 11 बजे तक लगभग 22 प्रतिशत मतदान हुआ। फोटो: शिव कुमार शुक्ला

### नगर पालिका में मतदाता जागरूकता हुआ कार्यक्रम



**भाटापारा, 19 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा शासकीय इतवारी राम यादव उ.मा. विद्यालय के सामने मतदाता जागरूकता शिविर लगाकर सेल्फी प्वाइंट, हस्ताक्षर अभियान एवं पंचम दीवान की छात्राओं द्वारा निर्वाचन संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा आम नागरिक द्वारा शपथ ली गई इस कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल अजय बहादुर सिंह उप अभियंता राकेश सोनी लेखापाल संतोष कुमार साहू राजस्व उप निरीक्षक अजय नायडू, दीपक मिश्रा, पूर्णेन्दु त्रिवेदी, विकास वैष्णव, सौरभ ठाकुर, सुरेश यादव, देव कुमार बंजारे, राकिब बांठिया, शिवनंदन शर्मा, प्रेम साहू तथा निकाय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।।

### बोडतरा में नवरात्रि पर श्रद्धा भक्ति से मनाई गई



**भाटापारा, 19 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम बोडतरा मे खूबीराम ध्रुव और समस्त ग्रामवासी की सहयोग से नवदिन (नवरात्रि ) तक चलने वाली माँ का दरबार मे महामाई मावली माता प्रांगण में अष्टमी हवन पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ मनोकामना ज्योति कलश स्थापना 51कलश माँ अनदिशाक्त जगदम्बा के आंगन में प्रज्वलित हए। यह जानकारी रवि आडिल सरपँच प्रतिनिधि द्वारा जानकरी दिया। समस्त ग्राम वासी, प्रदेश वासियो को सुख, शांति और सदा आशीर्वाद बना रहे इन्ही मनोकामनाओं के साथ आप सभी को बहुत बहुत बधाई व शुभकामनाए।

### बढ़ती गर्मी में सावधानी जरूरी वरना हो सकती है मौसमी बीमारियां : डॉ. एमपी महिस्वर

**बलौदाबाजार, 19 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बदलते मौसम के साथ तापमान में भी तेजी से वृद्धि होती जा रही है ऐसे में मौसम सम्बंधी बीमारियों के प्रकोप की आशंका लोगों को रहती है। बेहतर होगा इस बाबत सावधानी बरती जाए जिससे किसी खतरे से बचा जा सके। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के अनुसार इस बढ़ती गर्मी में लू लगना, डायरिया, मलेरिया, डेंगू जैसे रोगों का खतरा बना रहता है। डायरिया दूषित जल अथवा दूषित भोज्य पदार्थ के सेवन से होता है इसके साथ ही साफ-सफाई ना रखना भी एक कारण होता है।



इसमें पतला दस्त बहुत अधिक मात्रा में आता है तथा शरीर में पानी की कमी हो जाती है ऐसी स्थिति में तरल पदार्थ का मरीज को सेवन करवाते हुए चिकित्सक से संपर्क करने की जरूरत होती है। इसी प्रकार मलेरिया, डेंगू मच्छर से फैलने वाले रोग हैं जिससे बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग एवं आसपास कोई जल जमाव न होने दें इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी के अनुसार इस मौसम में सबसे बड़ा खतरा लू लगने का है। तेज़ धूप में बिना हाथ पैर और मुँह को ढँके घर से बाहर निकलना लू के खतरे को निमन्त्रित करना होगा। तेज़ बुखार, बदन में जलन, सर दर्द, चक्कर, उल्टी, कमज़ोरी ये कुछ लक्षण हैं जो लू के समय दिखाई पड़ते हैं। बचाव के लिए कम से कम धूप में निकलना और तरल पदार्थों का सेवन उचित होगा। बीमारी की दशा में प्रारंभिक उपचार के रूप में सर पर ठंडी पट्टी देना, भीगे ठंडे कपड़े से शरीर पोंछना, पंखे के नीचे मरीज को रखना एवं ओ आर एस घोल देना चाहिए।साथ मे जल्द से जल्द डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए. एपिडेमियोलॉजिस्ट श्वेता शर्मा के अनुसार बच्चे, गर्भवती महिलाएं, श्रमिक, खिलाड़ी ये लू के जोखिम वर्ग में आते हैं। जिला स्तर पर इस प्रकार की मौसमी बीमारियों के रोकथाम हेतु मितानिनों की दवा पेटी में ओ आर एस के पैकेट रखवाए गए हैं। यह सभी स्वास्थ्य केंद्रों में भी उपलब्ध है। किसी महामारी की दशा में टीम भी बनाई गई है। इस संबंध में किसी आकस्मिक स्थिति में जिला कंट्रोल रूम के नंबर-7727223532 पर सम्पर्क भी किया जा सकता है।

## एक नजर

### लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त पुलिस ऑब्जर्वर पहुंचे रायपुर



रायपुर, 19 अप्रैल। रायपुर लोकसभा के लिए निर्वाचन आयोग ने गुजरात कैडर के पुलिस महानिरीक्षक आईपीएस बिपिन शंकर राव अहीरे को पुलिस ऑब्जर्वर नियुक्त किया है. उक्त आदेश के तहत अहीरे 18 अप्रैल को रायपुर में पहुंच गए. निर्वाचन/ चुनाव संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर इस मोबाइल नंबर 764704 6304 पर संपर्क किया जा सकता है. बता दें कि आईपीएस अहीरे को रायपुर लोकसभा क्रमांक 8 के विधानसभा क्रमांक 45 बलोदा बाजार, विधानसभा क्रमांक 46 भाटापारा, विधानसभा क्रमांक 47 धरसींवा, विधानसभा क्रमांक 48 रायपुर ग्रामीण, विधानसभा क्रमांक 49 रायपुर शहर पश्चिम, विधानसभा क्रमांक 50 रायपुर शहर उत्तर, विधानसभा क्रमांक 51 रायपुर दक्षिण, विधानसभा क्रमांक 52 आरंग और विधानसभा क्रमांक 53 अभनपुर के लिए पुलिस ऑब्जर्वर नियुक्त किया है.

### दो साल से टैक्स नहीं पटाने वालों पर होगी कार्रवाई



रायपुर, 19 अप्रैल। रायपुर नगर निगम को 2 वर्षों से टैक्स न देने वाले लोगों के लिए जरूरी खबर है. खबर ये है कि नगर निगम ने ऐसे लोगों की सूची बनानी शुरू कर दी है. रायपुर नगर निगम ने इस वर्ष यानी वर्ष 2024-25 के लिए प्रॉपर्टी टैक्स वसूली का लक्ष्य 350 करोड़ कर दिया है. यही कारण है कि नगर निगम ने इस लक्ष्य को पाने के लिए ऐसे संपत्तिधारियों पर है, जिन्होंने लगातार दो साल से प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरा है. इस साल प्रॉपर्टी टैक्स वसूली बढ़ाने को लेकर राजस्व अधिकारियों की बैठक जोन-2 कमिश्नरी में हुई. नगर निगम के अधिकारियों ने दो साल से टैक्स जमा नहीं करने वालों की सूची तैयार करने का आदेश जारी कर दिया.

### पीडीएस व्यवस्था ध्वस्त, चावल के लिए भटक रहे हैं उपभोक्ता : कन्हैया अग्रवाल



रायपुर, 19 अप्रैल। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के साथ ही राजधानी में पीडीएस व्यवस्था के ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव से पूर्व सरकार में दो महीने का राशन एक साथ देने की घोषणा कर वही लूटने का प्रयास किया किंतु राशन दुकानों को दो माह का राशन उपलब्ध नहीं कराया गया है। उन्होंने कहा की अप्रैल माह का राशन ही अभी तक अधिकतर दुकानों में नहीं पहुंचा है और उपभोक्ता दो माह का राशन लेने के लिए राशन दुकानों में पहुंच रहे हैं। राशन दुकानदार उपभोक्ताओं को जवाब नहीं दे पा रहे हैं, लगातार बढ़ती भीड़ के कारण बहुत सारी राशन दुकान दो-दो दिनों तक बंद हो रही है। राशन दुकानदार उपभोक्ताओं को राशन उपलब्ध कराने के लिए भंडारण केंद्रों (शहर के अलग-अलग वेयरहाउस) के चक्कर लगा रहे हैं। राशन दुकान से ज्यादा भीड़ भंडारण केदो में हो रही है। सरकार व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल हुई है। राशन के अभाव में उपभोक्ता और राशन दुकानदार दोनों परेशान हो रहे हैं। अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए राशन दुकानों में राशन उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

# विकास ने रैली निकालकर भरा फार्म

## भाजपा की सरोज पांडेय ने कोरबा से भरा नामांकन पत्र

■ मुख्य नगर संवाददाता




रायपुर, 19 अप्रैल। तृतीय चरण में लोकसभा चुनाव लड़ने अभ्यर्थियों ने अंतिम दिन बड़ी संख्या में नामांकन पत्र दाखिल किया है। रायपुर से कांग्रेस के विकास उपाध्याय, कोरबा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय एवं अंबिकापुर से चिंतामणि महाराज ने जुलूस निकालकर नामांकन पत्र भरा। अंतिम दिन होने के कारण क्षेत्रीय दलों के अलावा निर्दलीयों ने भी नामांकन पत्र भरा है।

निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तृतीय चरण में सात लोकसभा क्षेत्रों में मतदान 7 मई को होगा। आज नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि होने के कारण भाजपा और कांग्रेस के अनेक दिग्गजों ने नामांकन पत्र भरा है। रायपुर में आकर्षक जुलूस निकालकर विकास उपाध्याय ने अपना नामांकन भरा। इस अवसर पर अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। कांग्रेस भवन से कार्यकर्ताओं का एक जुलूस निकला जिसमें बड़ी संख्या में पार्षद एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं तथा चुनाव रैली कर कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे हैं। रायपुर में विकास उपाध्याय के समर्थकों का कहना है कि कांग्रेस द्वारा महिलाओं को पैसा दिए जाने की गारंटी वाला फार्म भरवाया जा रहा है इससे कांग्रेस के पक्ष में माहौल बन गया है। कांग्रेस महंगाई एवं भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर चुनाव मैदान में है। कांग्रेस ने विधानसभावार अलग-अलग पदाधिकारियों को सक्रिय कर दिया है। कोरबा में भी हाईप्रोफाइल चुनाव हो रहा है। यहां पर सरोज पांडेय का कहना है कि वे कोरबा लोकसभा क्षेत्र की पालक सांसद रह चुकीं हैं इसलिए यहां पर उन्हें सामाजिक, राजनीतिक पृष्ठभूमि की जानकारी है। वे कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर रहीं हैं। यहां पर उनका नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत की पत्नी ज्योत्सना महंत से सीधा मुकाबला है। चांपा-जांजगीर में कांग्रेस प्रत्याशी शिव डहरिया नामांकन भरने के बाद सक्रिय हो गए हैं। दुर्ग में विजय बघेल का मुकाबला कांग्रेस के राजेन्द्र साहू से है। रायगढ़ में कांग्रेस की डॉ. मेनका सिंह और भाजपा के हृदयराम राठिया आमने-सामने हैं। मुख्यमंत्री का गृह क्षेत्र होने के कारण यहां पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खुद कमान संभाले हुए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नामांकन पत्रों की संवीक्षा 20 अप्रैल को होगी। नामवापसी 22 अप्रैल को तथा मतदान 7 मई को होगा। रायपुर लोकसभा के लिए व्यय प्रेक्षक आ चुके हैं। यहां प्रत्याशियों के खर्च के लिए सभी को अपना बैंक अकाउंट खुलवाना होगा तथा खर्च का हिसाब देना होगा। प्रत्याशी अपनी चल-अचल संपत्ति की जानकारी भी देंगे। प्रत्याशियों को व्यय लेखा जमा नहीं करने पर अयोग्य घोषित किया जा सकता है। अभ्यर्थी को अपना अपराधिक रिकार्ड भी देना होगा। समाचार पत्रों तथा टीवी में भी इसकी जानकारी देनी होगी।

### प्रधानमंत्री मोदी और योगी की सभा





भाजपा के महामंत्री सुरेश रोहरा ने बताया कि योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा राजनांदगांव में 23 अप्रैल को होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी चुनाव सभाएं धमतरी तथा चांपा-जांजगीर में आयोजित की जाएंगी। कांग्रेस कमेटी के अनुसार प्रियंका गांधी की भी चुनावी सभी राजनांदगांव जिले के विभिन्न क्षेत्रों में होगी। कांग्रेस के अनुसार अभी विस्तारपूर्वक दौरा कार्यक्रम प्राप्त नहीं हुआ है। ज्ञात छत्तीसगढ़ में द्वितीय चरण में राजनांदगांव, महासमुंद तथा कांकेर में मतदान 26 अप्रैल को होगा।

# निर्वाचन आयोग में शिकायतों का दौर

■ मुख्य नगर संवाददाता




■ मतदान ड्यूटी से नाम कटवाने के लिए लोग सक्रिय

रायपुर, 19 अप्रैल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में एक ही स्थान पर जमे शासकीय कर्मचारियों के स्थानांतरण, शासकीय आवासों तथा विभिन्न विभागों के लंबित कार्यों के लिए अनुमोदन हेतु बड़ी संख्या में आवेदन आ रहे हैं। इधर जिले में निर्वाचन शाखा में मतदान ड्यूटी से कटवाने के लिए लोग शादी के निमंत्रण पत्र और मेडिकल सर्टिफिकेट देकर नाम कटवाना चाहते हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार इस समय प्रथम चरण के तहत मतदान चल रहा है। अब दूसरे चरण के चुनाव के लिए मतदान दलों को प्रशिक्षण, वीवी पैट का रेण्डमाइजेशन सहित अनेक तैयारियां चल रही है। द्वितीय चरण में राजनांदगांव, महासमुंद तथा कांकेर में 26 अप्रैल को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल नामक एप बनाया है जिसमें आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में शिकायत की जा सकती है। इसमें समय भी निर्धारित किया गया है। निर्वाचन होने वाले लोकसभा क्षेत्रों के निर्वाचन अधिकारियों द्वारा समय-समय पर चुनाव की तैयारी के बारे में बताया जाता है लेकिन इस समय अलग-अलग जिलों से सबसे ज्यादा शिकायत शासकीय कर्मचारियों की पदस्थापना को लेकर आ रही है। आयोग ने इसके पहले तीन वर्ष से अधिक समय से एक ही स्थान पर जमे अधिकारी-कर्मचारियों का स्थानांतरण करने की नसीहत दी थी। इसका पालन पुलिस तथा अन्य विभागों में किया गया है। इसके बावजूद नगरीय निकायों, पुलिस तथा अन्य विभागों के कर्मचारियों के विरूद्ध भी शिकायतें आ रही है। इस संबंध में आयोग को अधिकार है कि वह सीधे अनुशंसा कर विभाग को कार्रवाई हेतु भेज देता है। जिसके चलते कर्मचारियों का स्थानांतरण कर दिया जाता है। आयोग का कहना है कि शासकीय कर्मियों की द्वेषवश ज्यादा शिकायतें आ रही है।

जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार निर्वाचन शाखा में चुनाव ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों ने मेडिकल सर्टिफिकेट, शादी-विवाह का कार्ड देकर चुनाव ड्यूटी से नाम हटाने का अनुरोध किया है। रायपुर लोकसभा में मतदान दलों को प्रशिक्षण दिए जाने का काम चल रहा है। राजधानी में एनआईटी तथा रविशंकर विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण देने का काम अंतिम चरण में है। वाहनों का अधिग्रहण किए जाने की कार्रवाई चल रही है। अवैध शराब तथा नकदी जब्ती की कार्रवाई भी चल रही है।

# मतदान जागरूकता के लिए बाइक रैली 20 को



रायपुर, 19 अप्रैल। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज युवा चेम्बर के युवा चेम्बर प्रभारी जय नानवानी, सहप्रभारी निलेश मूंधड़ा, प्रदेश महामंत्री कांति पटेल ने बताया कि युवा चेम्बर की बैठक आज गुरूवार, दिनांक 18 अप्रेल 2024 को शाम 4 बजे चेम्बर कार्यालय चै. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बाम्बे मार्केट, रायपुर में मतदान जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली विशाल बाईक रैली हेतु आयोजित की गई। युवा चेम्बर महामंत्री कांति पटेल ने बताया कि उक्त बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शनिवार दिनांक 7 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव (चुनाव का पर्व- देश का गर्व) में व्यापारियों की भूमिका सुनिश्चित करने तथा शत- प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु युवा चेम्बर द्वारा शनिवार दिनांक 20 अप्रैल को प्रातः 7.30 बजे बाईक रैली निकाली जावेगी। बाईक रैली मरीन ड्राइव से प्रारंभ होकर देवेन्द्रनगर, फाफाडीह, स्टेशन रोड, बूढ़ातालाब, सदर बाजार होते हुए जयस्तंभ चौक पर समाप्त होगी। बैठक में युवा चेम्बर प्रभारी जय नानवानी, सहप्रभारी निलेश मूंधड़ा, महामंत्री कांति पटेल, उपाध्यक्ष- राकेश सोमानी, समीर वंश्यानी, विपुल पटेल, प्रवीण मालू, जोगेंद्र नागवानी, मंत्री- हिमांशु वर्मा, विजय भक्तानी, अविनाश खेतपाल, जयंत मोहता, युवा कैट महामंत्री- अमर ढिंगानी, युवा कैट कोषाध्यक्ष-विजय पटेल, राघव पटेल, मयूर पटेल, किशन पटेल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। रैली का शुभारंभ जिलाधीश गौरव कुमार सिंह सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ़ पुलिस रायपुर, संतोष कुमार सिंह नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप एवं चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी सहित पूरी टीम द्वारा किया जाएगा।

# रामनवमी शोभायात्रा 20 अप्रैल को



रायपुर, 19 अप्रैल। श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ शिव-सेना द्वारा रामनवमी शोभा-यात्रा एवं धर्म सभा का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन पिछले 40 वर्षों से लगातार सफ्लतापूर्वक होता आ रहा है। इस वर्ष भी 20 अप्रैल को पारम्परिक स्थान विठ्ठल मंदिर फूल चौक नवीन बाजार से शाम 6 बजे मंदिर में पूजा- अर्चना के पश्चात् शोभायात्रा का शुभारंभ किया जायेगा।

इस शोभा यात्रा में छत्तीसगढ़ अंचल के संपूर्ण जिले के शिव सेना के पदाधिकारी एवं शिवसैनिकगण भारी संख्या में सम्मिलित होंगे। शोभा यात्रा में रायपुर शहर के 70 वार्डो सहित ग्रामीण अंचलों से शिव सेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शोभा यात्रा में सम्मिलित होंगे। रायपुर जिले के 07 विधानसभा से शिव सैनिक सैकड़ों की संख्या में सम्मिलित होंगे एवं रायपुर महानगर से झांकियां निकाली जायेगी जिसमें चूनाभट्ठी, रमण मंदिर, प्रदेश कार्यालय चौबे कॉलोनी, कमासीपारा, बाना, गुमा, अभनपुर, संतोषी नगर, कुशालपुर, रायपुरा, गोंदवारा, स्टेशन चौक, चंगोराभाठा, टिकरापारा, आरंग सहित सभी विधानसभा से भगवान रामजी की झांकी सम्मिलित होगी। जिसमें मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी संभाग स्तर पर सम्मिलित होंगे। बिलासपुर संभाग से सुनील झा के नेतृत्व में बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, सक्ती आदि जिलों से कार्यकर्ता आयेंगे। दुर्ग संभाग से राकेश श्रीवास्तव जी, राजेश ठावरे जी, शिवा केसरवानी के नेतृत्व में दुर्ग जिला, नांदगांव जिला, खैरागढ़, बालोद, आदि जिलों से कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। सरगुजा संभाग से आर. के. शुक्ला के नेतृत्व में अंबिकापुर, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ, जशपुर आदि जिलों से कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। बस्तर संभाग से राजेश कुकड़े, राज गावड़े के नेतृत्व में जगदलपुर, कांकेर, कोन्डागांव, दंतेवाडा, सुकमा आदि जिलों से कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। रायपुर संभाग से रायपुर जिला, महासमुंद, धमतरी, बलौदाबाजार, गरियाबंद जिलों से कार्यकर्ता शोभा यात्रा में सम्मिलित होंगे। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान रामचन्द्र की झांकी ढोल-बाजों के साथ अपने-अपने स्थान से निकलकर विठ्ठल मंदिर, नवीन बाजार में एकत्रित होंगे। इसके पश्चात् प्रदेश प्रमुख एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा भगवान विठ्ठल महाराज की पूजा-अर्चना कर शोभा-यात्रा का शुभारंभ करेंगे। शोभा-यात्रा नवीन बाजार से प्रारंभ होकर शारदा चौक, जयस्तंभ चौक, कोतवाली, सदर बाजार, सत्ती बाजार, आजाद चौक, हांडीपारा, ललिता चौक, बढईपारा, जवाहर नगर, मालवीय रोड होते हुए पुनः शारदा चौक, नवीन बाजार सभा स्थल पर शोभायात्रा का समापन किया जायेगा।

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर 35 लाख की ठगी

रायपुर, 19 अप्रैल। खाद्य निरीक्षक के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 35 लाख रुपए लेकर फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र देने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मुकेश कुमार देशलहरे 26 वर्ष नायकबांधा अभनपुर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी महेश्वर लाल सोनवानी 46 वर्ष ने प्रार्थी को खाद्य विभाग में निरीक्षक के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर अलग-अलग किस्तों में कुल 35 लाख रुपए ले लिया और आरोपी ने प्रार्थी को फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र दे दिया। जब प्रार्थी उक्त प्रमाण पत्र को लेकर जब खाद्य विभाग पहुंचा, तो पता चला कि वह फर्जी है। जिससे उसने आरोपी से अपना पैसा वापस मांगा। आरोपी ने प्रार्थी को पैसा ना देकर गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 294, 506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शराब घोटाला मामले में एसीबी की मांग

# अनवर और अरविंद को सेंट्रल जेल से बाहर अलग-अलग जेल में रखा जाए



रायपुर, 19 अप्रैल। शराब घोटाला मामले में एसीबी के 14 दिन के रिमांड के बाद अनवर ढेबर और अरविंद सिंह को अदालत ने न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल भेज दिया है। इस मामले में गिरफ़्तार एक अन्य आरोपी अरुणपति त्रिपाठी को अदालत ने एसीबी की रिमांड पर सशर्त भेजा है।अदालत ने अनवर ढेबर और अरविंद सिंह की ओर से उपचार को लेकर पेश आवेदन पर सेंट्रल जेल के सुपरिंटेंडेट को निर्देश दिया है कि जेल मैनुअल के अनुसार उचित कार्यवाही की जाए।

शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार अरुणपति त्रिपाठी की रिमांड माँगते हुए एसीबी ने कोर्ट से कहा है कि, अरुणपति त्रिपाठी और उनके परिवार के विदेशी बैंकों में खातों की जानकारी मिली है।एसीबी ने सात दिन की रिमांड माँगते हुए यह दावा भी किया है कि, सीएसएमसीएल के गठन और उसकी तकनीकी संरचना में सीएसएमसीएल के एमडी रहे अरुणपति त्रिपाठी की अहम भूमिका है।वैध तरीक़े से शराब दुकानों में शराब की बिक्री पर निगरानी के लिए लगाये गये ट्रेक एंड ट्रेस सिस्टम को कमजोर बनाकर उसका फ़ायदा उठाने के लिए कई पत्र अरुणपति त्रिपाठी ने एनआईसी को भेजे थे।

**अनवर और अरविंद को लेकर कोर्ट में एसीबी के दावे :** शराब घोटाला मामले में में गिरफ्तार अनवर ढेबर और अरविंद सिंह को लेकर एसीबी का दावा है कि अरविंद सिंह और अनवर ढेबर ने सिंडीकेट से हासिल अरबों रुपये के चल अचल संपत्ति को अनसिक्योर्ड लोन, हवाला इत्यादि के ज़रिए सेटल करने की सूचना पर आरोपियों और अन्य के घर पर की गयी सर्च कार्यवाही में महत्वपूर्ण खुलासा हुआ है। अरविंद सिंह को लेकर एसीबी ने कोर्ट से कहा है कि, आरोपी अरुणपति त्रिपाठी के क़ब्ज़े से जप्त किए गए डिजिटल साक्ष्य के विश्लेषण में अरविंद सिंह की भूमिका और स्पष्ट हो रही है तथा आरोपियों की संलिप्तता के महत्वपूर्ण तथ्य सामने आये हैं।एसीबी ने कोर्ट को बताया है कि 25 फ़रवरी, 11 अप्रैल और 12 अप्रैल को सिंडीकेट में शामिल व्यक्तियों के घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में छापे की कार्यवाही की गई थी, वहाँ मिले दस्तावेज़ों और डिजिटल साक्ष्य का परीक्षण जारी है।

अनवर ढेबर की ओर से अधिवक्ताओं ने एसीबी की एफ़आइआर और गिरफ्तारी पर लिखित आपत्ति पेश की।लिखित आपत्ति में बताया गया है कि अनवर ढेबर को चार अप्रैल को हिरासत में लिया गया और बग़ैर गिरफ़्तारी का कारण बताए 5 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया गया।जिस केस में एसीबी ने गिरफ़्तारी की है उसमें प्रार्थी ईडी है। ईडी का शराब घोटाला केस बीते 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट को अवैध करार दिया है।इस मामले में की गयी गिरफ़्तारी विधि के खिलाफ है।आरोपी को तत्काल रिहाई मिलनी चाहिए।

बचाव पक्ष की ओर से एसीबी की एफ़आइआर और गिरफ़्तारी को क़ानून के खिलाफ बताए जाने के लिखित तर्क पर कोर्ट सहमत नहीं हुई है। कोर्ट ने बचाव पक्ष की ओर से पेश तर्क के संबंध में लिखा है कि दोनों मामले अलग अलग है। कोर्ट ने कहा है -माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश तथा केस डायरी के अवलोकन से स्पष्ट है कि उक्त दोनों प्रकरण के तथ्य आधार और अन्वेषण एजेंसी भिन्न है।अतः उक्त आदेश के आधार पर अभियुक्त अनवर ढेबर को इस प्रकरण में कोई सहायता प्राप्त होना दर्शित नहीं है।

एसीबी की स्पेशल कोर्ट में अरविंद सिंह की ओर से उनके अधिवक्ताओं के द्वारा आवेदन पेश किया गया जिसमें यह बताया गया कि 17 अप्रैल को दोपहर तीन बजे के पहले कोई पूछताछ नहीं की गयी।लेकिन 17 अप्रैल को तीन बजे से आधी रात तक अचानक एसीबी के चार पाँच अधिकारियों ने अभियुक्त के वकील की अनुपस्थिति में मारपीट कर के दबाव बनाकर काग़ज़ों। पर दस्तख़त कराए। आवेदन में लिखा गया है कि इस आरोप की पुष्टि सीसीटीवी के फुटेज से हो जाएगी। अरविंद सिंह की ओर से पेश इस आवेदन में उल्लेखित तथ्यों/आरोपों पर कोर्ट ने कहा - ÷अभियुक्त के सांत मारपीट की गयी हो, इस तथ्य की पुष्टि न्यायालय में उपस्थित अभियुक्त को भौतिक रुप से देंकने तथा उनके मेडिकल रिपोर्ट से होना दर्शित नहीं है।जहां तक दबावपूर्वक हस्ताक्षर कराने का प्रश्न है, इस संबंध में अभियुक्त विचारण के दौरान प्रतिरक्षा लेने के लिए स्वतंत्र है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने अरविंद सिंह और अनवर ढेबर को लेकर कोर्ट में आवेदन दिया है कि उन दोनों को रायपुर सेंट्रल जेल से बाहर अलग-अलग जेलों में रखा जाए। एसीबी के इस आवेदन पर बचाव पक्ष ने जवाब के लिए समय दिए जाने का आग्रह किया। बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की ओर समय दिए जाने के आग्रह को कोर्ट ने स्वीकार लिया है। इस मामले में सुनवाई 25 अप्रैल को संभावित है।जब तक एसीबी के आवेदन पर फ़ैसला नहीं होता तब तक आरोपी अरविंद सिंह और अनवर ढेबर केंद्रीय जेल में रहेंगे।

# अशोका बिरयानी में लगा ताला




रायपुर, 19 अप्रैल। अशोका बिरयानी सेंटर के दो कर्मचारियों की गटर की सफाई के दौरान हुई मौत और उसके बाद सेंटर के कर्मचारियों द्वारा पत्रकारों से की गई बदसलूकी पर कार्रवाई हुई है. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, और जब तक जांच जारी है, तब तक अशोक बिरयानी को बंद किया जाएगा. तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित अशोका बिरयानी सेंटर के गटर की सफाई करने उतरे दो कर्मचारियों की मौत हो गई थी. घटना की जानकारी पर पहुंचे पत्रकारों से सेंटर के कर्मचारियों ने बदसलूकी की थी. मामले में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पत्रकारों के साथ भी दुर्व्यवहार की बात पता चली है, उन्हें ऐसा बिलकुल नहीं करना चाहिए. विषय की जाँच की जा रही है. जब तक जाँच जारी है, तब तक अशोक बिरयानी को बंद किया जाएगा. बता दें कि लाभंडी स्थित अशोका बिरयानी के गटर टैंक की सफाई के लिए सेंटर के दो कर्मचारियों डेविड साहू और नीलकुमार पटेल को काम में लगाया गया था. लेकिन दोनों गटर में फंस गए. किसी तरह से दोनों को निकालकर अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया. मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है.

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26